हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 25 जून 2026



# नगर पालिका बना डोंगरगांव, अब विकास के लिए मिलने लगेगा दोगुना फंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासन द्वारा विकास की दिशा में एक बड़ा फैसला लेते डोंगरगांव नगर पंचायत को अब नगर पालिका परिषद का दर्जा दे दिया गया है। इस महत्वपूर्ण निर्णय के बाद क्षेत्र के विकास की रफ्तार में अभूतपूर्व तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। नगर पालिका का दर्जा मिलने से डोंगरगांव को मिलने वाले वित्तीय फंड और प्रशासनिक अधिकारों में बड़ा इजाफा होगा। जिससे स्थानीय स्तर पर बुनियादी सुविधाओं का विस्तार और अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।

इसके साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों की ताकत में भी बढ़ोत्तरी होगी। अब नगर पालिका के अध्यक्ष और सभी पार्षदों की निधि में सीधे तौर पर वृद्धि हो जाएगी। जिससे वे अपने-अपने वार्डों में जनता की मांग के अनुरूप त्वरित गति से विकास कार्य स्वीकृत करा सकेंगे। इस बदलाव का सबसे बड़ा असर प्रशासनिक और वित्तीय अधिकारों पर देखने को मिलेगा। अब तक सीमित बजट में काम करने वाले मुख्य नगर पालिका अधिकारी यानी सीएमओ के वित्तीय अधिकारों को दोगुना कर दिया गया है। नए नियमों के तहत सीएमओ अब पचास हजार रुपए की जगह एक लाख रुपए तक के विकास कार्य अपने स्तर पर करा सकेंगे। इसके अलावा परिषद की प्रशासनिक और तकनीकी स्वीकृति की सीमाओं में भी बड़ा बदलाव हुआ है। जिसके तहत अब सीआईसी बीस लाख रुपए की जगह पचास लाख रुपए तक के बड़े निर्माण कार्यों को मंजूरी दे पाएगी।

## बुनियादी सुविधाओं का होगा विस्तार, पार्षदों की निधि में भी होगी वृद्धि

अलग खबर

### फंड और निधि में होगी बढ़ोत्तरी

डोंगरगांव को नगर पालिका का दर्जा मिलने के बाद सबसे बड़ा लाभ वित्तीय मोर्चे पर होगा। अब तक नगर पंचायत के रूप में काम कर रहे इस क्षेत्र को राज्य शहरी विकास अभिकरण यानी सूडा के अंतर्गत संचालित होने वाली विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए पहले के मुकाबले कहीं अधिक राशि आवंटित की जाएगी। इसके साथ ही स्थानीय विकास को गति देने अध्यक्ष और पार्षदों की निधि में भी इजाफा तय है।



### नहीं बदलेगी सीमा

भौगोलिक और जनसंख्या की दृष्टि से देखा जाए तो फिलहाल डोंगरगांव नगर पंचायत की मौजूदा सीमा को ही नई नगर पालिका परिषद की सीमा के रूप में मान्यता दी गई है। वर्तमान में इस पूरे क्षेत्र में लगभग चौदह हजार मतदाता निवास करते हैं, जो इस ऐतिहासिक बदलाव के साक्षी बनेंगे।

### प्लानिंग के साथ काम जरूरी

राजपत्र में प्रकाशन के साथ ही अब डोंगरगांव नगर पंचायत, नगर पालिका बन गई है। यही कारण है कि अब विकास के लिए आने वाले फंड का आकार भी बढ़ जाएगा। ऐसे में यहां के जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। अब शहर विकास के लिए बेहतर प्लानिंग के साथ काम करना जरूरी हो गया है। जिससे आने वाले समय में शहर बड़े शहरों की तर्ज पर विकसीत हो पाए।







मॉय एंगल




## रोजाना सैकड़ों शिकायतें, सुधारने वाले कर्मचारी पड़ रहे कम

# वेंटिलेटर पर बिजली व्यवस्था, 73% पद खाली, गिनती के कर्मियों भरोसे जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

## शासन से भर्ती का इंतजार, तभी दुरूस्त होगी व्यवस्था

हरिभूमि सरोकार

जिले में बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने का दावा करने वाला विद्युत विभाग खुद गंभीर संकट से जूझ रहा है। जिले में मैदानी स्तर पर काम करने वाले तकनीकी कर्मचारियों की भारी कमी हो गई है। जिससे बिजली सप्लाई की रीढ़ पूरी तरह चरमरा गई है। विभाग में लाइन सुपरवाइजर, टेस्टिंग सुपरवाइजर, लाइन इंस्पेक्टर, लाइनमैन, सहायक लाइनमैन, लाइन परिचारक, हेल्पर और संविदा लाइन कर्मचारियों के कुल 669 पद स्वीकृत किए गए हैं।

चौंकाने वाली बात यह है कि इन सभी श्रेणियों को मिलाकर केवल 179 लाइन कर्मचारी ही वर्तमान में फील्ड पर कार्यरत हैं। इसका सीधा मतलब यह है कि जिले में पूरे 490 पद खाली पड़े हैं। जिम्मेदार पदों पर भर्ती न होने की वजह से महज 27 प्रतिशत स्टाफ के भरोसे जिलेभर की बिजली व्यवस्था को दुरुस्त रखने की नामुमकिन कोशिश की जा रही है। इस भारी किल्लत का सबसे बड़ा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। जिले से रोजाना बिजली कटौती, फाल्ट और वोल्टेज से जुड़ी सौ से अधिक शिकायतें प्राप्त होती है, जब भी कोई तकनीकी खराबी आती है, तो सीमित कर्मचारियों के कारण उसे ठीक करने में घंटों समय लग जाते हैं। गर्मी और बारिश के मौसम में जब बिजली की मांग चरम पर होती है, तब महज कुछ कर्मचारियों के भरोसे इतने बड़े नेटवर्क को संभालना विभाग के लिए जी का जंजाल बन चुका है। खाली पदों को भरने के लिए शासन स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। जिससे कार्यरत कर्मचारियों पर भी काम का मानसिक और शारीरिक दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।




### उपभोक्ताओं का दबाव

अगर जिले के मुख्य क्षेत्रों की बात करें तो केवल राजनांदगांव क्षेत्र में ही उपभोक्ताओं के कुल 1,26,911 बिजली कनेक्शन मौजूद है। इसी तरह डोंगरगढ़ क्षेत्र के तहत उपभोक्ताओं के कुल 67,618 बिजली कनेक्शन और डोंगरगांव क्षेत्र में कुल 40,909 बिजली उपभोक्ता कनेक्शन पंजीकृत हैं। इन तीनों महत्वपूर्ण क्षेत्रों को मिलाकर ही उपभोक्ताओं का एक विशाल जाल फैला हुआ है, लेकिन इनके रखरखाव के लिए तैनात मैदानी अमला नगण्य है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि बिना नई भर्तियों के आने वाले दिनों में जिले की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह ठप होने से कैसे बचाया जाएगा।

### संविदाकर्मियों का भी यही हाल

नियमित कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए रखे जाने वाले संविदा लाइन कर्मचारियों के मामले में भी स्थिति बहुत बदतर है। जिले में संविदा कर्मचारियों के लिए कुल 140 पद स्वीकृत किए गए हैं। इसके मुकाबले वर्तमान में केवल 82 संविदाकर्मी ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जबकि 58 पद खाली पड़े हैं, जब संविदा के पदों को ही पूरा नहीं भरा जा पा रहा है, तो नियमित पदों पर नई नियुक्तियों की उम्मीद करना बेमानी साबित हो रहा है।

### जिले में ढुलमुल व्यवस्था

एक तरफ विभाग जिले में आधुनिक तकनीक और स्मार्ट मीटर लगाने पर जोर दे रहा है। दूसरी तरफ बुनियादी ढांचे को संभालने वाले हाथ ही गायब हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार अकेले राजनांदगांव मंडल के अंतर्गत उपभोक्ता श्रेणी में कुल 3,78,659 कनेक्शन आते हैं। इतनी बड़ी संख्या में मौजूद उपभोक्ताओं को बिना किसी बाधा के बिजली की आपूर्ति करना वर्तमान स्टाफ के बूते से बाहर होता जा रहा है।

## समस्या दूर करने कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

# खाद, बीज और डीजल की कमी से किसान चिंतित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वर्तमान कृषि सीजन में किसानों को खाद, बीज, यूरिया, पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता में आ रही समस्याओं को लेकर आज युवा कांग्रेस एवं किसान हितैषी कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग की।

युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी ने कहा कि जिले के कई क्षेत्रों में किसानों को खाद, बीज एवं यूरिया समय पर नहीं मिल पा रहा है। वहीं अनेक पेट्रोल पंपों द्वारा किसानों को केन अथवा अन्य पात्रों में डीजल एवं पेट्रोल देने से मना किया जा रहा। जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। किसानों को लंबी दूरी तय कर खाद एवं ईंधन की व्यवस्था करनी पड़ रही है। जिससे आर्थिक एवं मानसिक परेशानी बढ़ रही है। किसान आज खाद, बीज, यूरिया और डीजल जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए भटकने को मजबूर हैं। कृषि कार्यों के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। यदि जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो किसानों के हित में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रशासन से मांग की गई कि किसानों को खाद, बीज, यूरिया, पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित हो। इस अवसर पर निखिल द्विवेदी, गणेश पवार, विप्लव शर्मा, शरद पटेल, अभिमन्यु मिश्रा, संदीप सोनी, मोहित कोचरे, विनायक राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**जमाखोरी पर लगे रोकः** पूर्व पार्षद गणेश पवार ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है, लेकिन किसान ही सबसे अधिक परेशान हैं। खाद, बीज, यूरिया, पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए।

# कबाड़ भरा ट्रक पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ट्रक में बड़ी मात्रा में कबाड़ भरकर परिवहन किए जाने की सूचना पर पुलिस ने ट्रक को पकड़कर कार्रवाई की है। ट्रक व कबाड़ जब्त किया गया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस द्वारा जिले में अवैध कबाड़ कारोबारियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 24 जून को थाना बागनदी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक लीलैंड 16 चक्का ट्रक में बड़ी मात्रा में कबाड़ सामग्री परिवहन की जा रही है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते पुलिस टीम द्वारा वाहन को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान ट्रक में साइकिल कटिंग, लोहे की चादरें, विभिन्न आकार के सरिया एवं नट-बोल्ट सहित अन्य कबाड़ सामग्री पाई गई। उक्त सामग्री के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर ट्रक एवं कबाड़ सामग्री को जब्त किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बागनदी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, उप निरीक्षक देवादास भारती, आरक्षक टाकेश्वर पटेल एवं आरक्षक संतोष महिपाल का सराहनीय योगदान रहा।

**महाराष्ट्र ले जा रहे थे कबाड़ः** पुलिस के मुताबिक जब्त संपत्ति की कुल अनुमानित कीमत 11,50,000 रुपए (ग्यारह लाख पचास हजार रुपए) है। वाहन चालक अतुल मिश्रा 55 वर्ष निवासी दमोह जिला जबलपुर मप्र से पूछताछ किया गया, जो राजनांदगांव से कबाड़ी सामान भरकर नागपुर महाराष्ट्र ले जाना बताया। जिसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है।

## घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश, लगातार हो रहे हादसे

# ट्रैक्टर ने आधा दर्जन गौवंश को रौंदा, तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

सड़क अतरिया में मंगलवार को एक हृदय विदारक हादसे में तीन गौवंश की जान चली गई। मुख्य मार्ग में एक तेज रफ्तार दौड़ती ट्रैक्टर ट्राली ने सड़क किनारे बैठे लगभग आधा दर्जन मवेशियों को रौंद दिया। जिससे तीन गौवंश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया तथा दो की स्थिति गंभीर बताया गया। उक्त घटना के बाद ग्रामीणों का भारी आक्रोश देखने को मिला।

प्राप्त जानकारी अनुसार मंगलवार की रात करीब साढ़े 8 बजे सोनालिका ट्रैक्टर क्रमांक सीजी-08-बीएच-3084 ट्राली के साथ छुईखदान से नर्मदा की ओर आ रहा था। वाहन गांव के भाटापारा का पुल पार किया ही था कि वाहन चालक का अपने वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा और सड़क किनारे बैठे आधा दर्जन गौवंश को रौंद कर फरार हो गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने काफी दूर तक वाहन का पीछा किया और पेट्रोल पंप के आगे वाहन को रोकवाकर घटनास्थल पर वापस लाया। घटना की जानकारी गंड़ई पुलिस को दिया। कुछ देर बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। गौसेवक दल के सदस्य भी मौके पर पहुंचकर जानकारी लिया। आरोपी पर कारवाई की मांग किया।



### सड़क किनारे बैठे थे मवेशी

ग्रामीणों ने बताया कि ट्रैक्टर चालक वाहन को काफी लापरवाहीपूर्वक चला रहा था, जो सड़क किनारे बैठे आधा दर्जन मवेशियों को एक के बाद एक अपनी चपेट में ले लिया। गौवंश को ठोकर मारने के बाद भी वाहन मौके से फरार हो गया। घटना में दो मवेशी को गंभीर तथा एक को सामान्य चोंट लगी है। जबकि तीन मवेशी मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृत पड़े मवेशी को पुलिस की उपस्थिति में रात को ही दफनाया गया।

### रेडियम पट्टी लगाने की मांग

ग्रामीण क्षेत्र में खरीफ फसल की तैयारी शुरू हो गई है। जबकि पालतू एवं बेवारस मवेशियों का झुंड सड़कों में मंडराता रहता है। रात में सड़क एवं किनारे बैठे रहते हैं। कई दफा वाहन चालकों को सड़क पर बैठे मवेशी का अंदाजा नहीं रहता है और हादसे का शिकार हो जाते हैं। ग्रामीणों ने मांग किया है कि आवारा मवेशियों में रेडियम लगाया जाए, ताकि गौवंश की सुरक्षा एवं हादसा को रोका जा सके।

## अवैध रूप से शराब बिक्री, पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** बाइक में अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 20 नग महराष्ट्र निर्मित देशी दारू प्रीमियम डिलक्स सुपर संत्रा बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत 23 जून को पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति फगदुटोला जाने वाले मोड ग्राम आलीवारा के पास बाइक में अवैध रूप से शराब रखकर शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर नाकाबंदी रेड कार्रवाई की, जहां एक व्यक्ति मोटर साइकिल में शराब रखकर बिक्री करते मिला, जसि नाम पूछने पर अपना का नाम तोखराम साहू 55 साल ग्राम आलीवारा का होना बताया, जो अपने कब्जे से बिना वैध कागजात के बिक्री हेतु रखे शराब में से बचे 20 नग देशी दारू प्रीमियम डिलक्स सुपर संत्रा, बिक्री रकम 1600 रुपए एवं एक बाइक को पेश करने पर मौके पर अपराध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई की गई।









## खबर संक्षेप

### दो बच्चों को मिलेगी स्कालरशिप




**बांधाबाजार।** मिडिल स्कूल मातेखेड़ा से दो छात्रों का एनएमएमएसई स्कालरशिप के लिए चयन हुआ है। शाला की गरिमा पिता मनोज साहू और पूर्णिमा पिता संतोष का स्कालरशिप के लिए चयन होने पर प्रधानपाठक शेरसिंह परतेती, शिक्षक जसवंत साहू, रूपचंद हमराज, भारत कोटेलकर, दिनेश्वरी साहू, अमरदास बंजारे, जयनारायण सार्वा, संजय कोर्राम, संकुल प्राचार्य व्हीके मंडलोई, संकुल समन्वयक टोमन साहू ने चयनित छात्रों को बधाई दी है।

### भाजपा में बढ़ी खींचतान, सूचना नहीं देने का आरोप

**डोंगरगढ़।** भाजयुमो के पूर्व अध्यक्ष प्रिंस कक्कड़ ने संगठन की बैठकों और सक्रिय कार्यकर्ताओं की अनदेखी पर सवाल उठाया है। उन्होंने बताया कि संगठन प्रभारी बनने के बाद भावेश बैद दूसरी बार बैठक लेने आए थे किन्तु बैठक में सक्रिय कार्यकर्ता और पूर्व पदाधिकारी नजर नहीं आए क्याकि उन्हे बैठक की सूचना नहीं मिली थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग जो किसी दबाव में नहीं आते को बैठकों से दूर रखा जा रहा है। उन्होंने मंडल अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि अध्यक्ष पद के लिए जिन लोगों ने दावेदारी की थी उनसे कुछ लोगों इतनी नाराजगी है कि उन्हे सूचना तक नहीं दी जाती।

### प्रबुद्धजनों का सम्मान

**डोंगरगढ़।** पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने अपने प्रवास के दौरान प्रबुद्धजनो का सम्मान किया। नए रेस्ट हाउस में मंडल व मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सौजन्य भेंट किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, अमित जैन, विनय बंसल, लक्ष्मी यादव, आकाश सिंह राजपूत, शारदा यादव, शिवांगी साखरे, वत्सला श्रीवास्तव, अनिता इंदुरकर, सत्यप्रकाश मिश्रा, नागेंद्र परिहार, लोकेश इंदुरकर आदि उपस्थित थे।



### पुण्यतिथि पर किया फल वितरण



**डोंगरगढ़।** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा शहर पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फल वितरण किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि संगठन समय-समय पर जनसेवा करता रहा है और आगे भी समाजहित में ऐसे प्रयास जारी रखेगा।

### पवनतरा में हाट बाजार का शुभारंभ



**खैरागढ़।** ग्राम पंचायत पवनतरा में हाट बाजार का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर थे। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष बिसेसर साहू एवं प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य घम्मन साहू सहित अन्य उपस्थित थे। अतिथियों ने फीता काटकर हाट बाजार का शुभारंभ किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने हाट बाजार का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों, किसानों, व्यापारियों एवं महिलाओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने कहा कि हाट बाजार केवल व्यापार का माध्यम नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इससे किसानों, सब्जी उत्पादकों, हस्तशिल्प कारीगरों एवं छोटे व्यापारियों को उपज बेचने का बेहतर अवसर मिलेगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं भाजपा जिला अध्यक्ष बिसेसर साहू ने भी हाट बाजार को ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर सरपंच राजेंद्र वर्मा, गोपाल राजपूत, जयप्रकाश साहू, अनूपलाल वर्मा, जयराम वर्मा, दिलेश्वर यदु, गोपी वर्मा, चंद्रकुमार जायसवाल, जीतराम वर्मा, त्रिभुवन वर्मा, तेजेश्वर साहू, हरक साहू, परदेशी साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### इमारत के पीछे स्थित बोर की हालत भी दयनीय

# संयुक्त कार्यालय भवन की दीवारों में दरारें, जहां तहां फैली अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई नगर में स्थित एसडीएम और तहसील का संयुक्त कार्यालय भवन अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

कुछ वर्ष पूर्व निर्मित इस बिल्डिंग की स्थिति इतनी दयनीय हो चुकी है कि वह जर्जर होने की कगार पर है। दीवारों की दरारें लगातार बढ़ रही है। भवन निर्माण के समय ही इसमें खामियां नजर आ रही थीं। निर्माण के दौरान नींव पर ध्यान नहीं दिया गया, जिसकी परिणाम स्वरूप इमारत जर्जर हो रही है। दीवारों पर दरारें स्पष्ट दिखाई दे रही हैं।

#### लोगों ने उठाया सवाल

लोगों का कहना है कि जिस भवन में आला अधिकारी बैठते हैं उसका बुरा हाल होने के बाद भी वह मूकदर्शक बने हुए हैं। सवाल यह है कि इस जर्जर भवन में किसी बड़े हादसे का इंतजार क्यों किया जा रहा है? जिम्मेदारों द्वारा समय रहते मरम्मत नहीं कराया गया तो भविष्य में अप्रिय घटना हो सकती है। इस संबंध में जब एसडीएम और तहसीलदार से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने काल रिसीव नहीं किया।



#### होगा समाधान का प्रयास

मंडल भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार की समस्या है तो अधिकारियों से संपर्क कर समाधान के लिए बोला जाएगा। आम जनता की सहूलियत को प्राथमिकता दिया जाएगा।

#### लापरवाही का परिणाम

ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मन्नू चंदेल ने कहा एसडीएम कार्यालय क्षेत्र का सबसे बड़ा प्रशासनिक कार्यालय है। कार्यालय भवन का हाल बेहाल है। बोर का ढक्कन खुला है जिसे बंद नहीं कराया जा रहा है। भवन मरम्मत कराने की ओर अधिकारियों का ध्यान नहीं है।

#### धंसने लगी फर्श

बदहाली का आलम यह है कि सीढ़ियों की टाइल्स टूट रही हैं। कार्यालय के अंदर की फर्श धंसने लगी है। टाइल्स ऊपर-नीचे हो गई हैं। भवन के बाहर महीनों से पड़ा मलबा नहीं हटाया गया है जिससे परिसर में गंदगी का अंबार लगा है। भवन के पिछले हिस्से में स्थित बोर का ढक्कन टूटने के कारण जहरीले जीव-जंतुओं के गिरने का डर बना हुआ है। यहां के पानी का उपयोग नागरिक और कर्मचारी करते है जिससे बीमारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है।

## मवेशियों के परिवहन मामले की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- ग्रामीणों ने पकड़ा था वाहन, जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की मांग

मवेशी परिवहन मामले को लेकर ग्राम पंचायत अंडी के ग्रामीणों ने थाना प्रभारी से शिकायत कर जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार गत 10 जून ग्रामीणों ने पिकअप वाहन को जांच किया तो उसे तीन भैंस होना पाया गया। पूछताछ करने पर चालक ने महाराष्ट्र ले जाने की बात कही। उसके पास मवेशी परिवहन से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे। वाहन चालक ने यह भी बताया कि वाहन डोंगरगढ़ निवासी मनोज उर्फ बबलू का है। इस वाहन से प्रतिदिन मवेशियों का परिवहन किया जाता है। ग्रामीणों ने मवेशियों को उतारने के बाद चालक को भविष्य में मवेशी परिवहन नहीं करने की समझाइश देकर छोड़ दिया था। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर कार्रवाई और अंडी मार्ग से मवेशी परिवहन पर रोक लगाने के लिए पहल करने की मांग की है।

## नगर पंचायत ने मुंह फेरा तो पार्षद ने अपने खर्च से कराया नाली साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

निकाय चुनाव में भाजपा की जीत में अहम भूमिका निभाने वाला मटिया वार्ड इन दिनों राजनीतिक और प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार हो रहा है। उपेक्षा के चलते इस वार्ड में नाली की सफाई तक नहीं हो पा रही है। प्रशासनिक लचरता को देखते हुए भाजपा पार्षद और लोक निर्माण समिति के सभापति ने गत दिनों निजी खर्च से नाली साफ करवा कर पूरे सिस्टम को पोल खोल दिया है।

जानकारी के अनुसार वार्ड 14 की लगभग 70 मीटर नाली एक माह से जाम थी। नाली में गंदगी जमा होने एवं चेंबर खोलकर अपेक्षित सफाई नहीं करने से गंदे पानी की निकासी नहीं हो रही थी। पार्षद एवं नागरिकों ने नगर प्रशासन ने स्थिति से अवगत कराया किन्तु पखवाड़े भर बाद भी नाली की सफाई नहीं हो सकी। बारिश होने पर पानी जाम की समस्या के बढ़ने की आशंका को देखते भाजपा पार्षद पुरुषोत्तम साहू ने निजी खर्च से नालियों की सफाई कराया। पार्षद की पहल के बाद मोहल्लेवासियों ने आगे आकर इस कार्य में सहयोग दिया।



#### सवालों के घेरे में

इस क्षेत्र में जल संकट को देखते हुए कुछ महीने पहले पाईप लाइन विस्तार का कार्य कराया गया है। पाईप लाईन विस्तार के बाद बोर खनन कराया गया जो फेल हो गया जिससे पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है। वहीं पूरे कार्य पर सवाल उठ रहे है। राशि खर्च करने के फेर में आबादी विहीन क्षेत्र में भी पाईप बिछा दिया गया है साथ ही पाईप लाईन बिछाने के लिए की गई खुदाई और पाईप की मोटाई पर संदेह है। इस मामले की उच्च स्तरीय शिकायत की गई है।

## परिक्रमा पथ निर्माण रद्द करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

प्रस्तावित परिक्रमा पथ को तत्काल निरस्त करने, लंबित बाईपास का निर्माण करने तथा शहर के भीतर भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है।

ज्ञापन में कहा गया है जिस परिक्रमा पथ का निर्माण कराया जा रहा है, उसकी शहर को आवश्यकता नहीं है। सभी धार्मिक स्थल पहले से सड़क से जुड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि परिक्रमा पथ का निर्माण कुछ प्रभावशाली लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इसके निर्माण से कई मकानों को नुकसान पहुंचने की आशंका है, जिससे नागरिकों को हानि होगी। ज्ञापन में कहा गया है कि शहर को बाईपास मार्ग की आवश्यकता है, लेकिन हर बार इसकी घोषणा केवल कागजों तक सीमित रह जाती है। शहर के मध्य से लगातार भारी वाहनों का आवागमन बढ़ने से यातायात का दबाव काफी बढ़ गया है और अनेक सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक शहर के भीतर भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाए। इंडेन गैस एजेंसी के सामने, हाई स्कूल चौक और थाना चौक पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाए।



#### चक्काजाम आंदोलन की धमकी

ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि एक सप्ताह के भीतर परिक्रमा पथ निर्माण को निरस्त करने, बाईपास निर्माण कार्य प्रारंभ करने, भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने और प्रमुख चौकों पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती संबंधी कार्रवाई नहीं की गई तो आगामी 30 जून को चक्काजाम किया जाएगा।

## शाला प्रबंधन समिति का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला

प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव में प्रवेश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत कर मिठाई खिलाया गया। इस दौरान निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक दिया गया। पालकों की मौजूदगी में शाला प्रबंधन समिति का गठन करते हुए अध्यक्ष श्रवण साहू, उपाध्यक्ष नागेश साहू, शिक्षाविद डिलेश मारगिया, जनप्रतिनिधि ईश्वर ठाकुर, सचिव कोमलचंद आर्य, सदस्य चन्द्रभूषण साहू, तेजराम साहू, तुलसी वासनिक, निमेन्द्र मानकर, रविशंकर साहू, पूर्णिमा देवांगन, तरूणा साहू, डिलन साहू, खेमिन ठाकुर, तीजन ठाकुर, माधुरी पटेल, कविता पटेल, धनवंतरी साहू, योगेश्वरी साहू, भोजबाई साहू को बनाया गया। इस अवसर पर शिक्षिका गोमती पटेल, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, चैतन्य देवांगन, चैनसिंह साहू, रेखा धगेश आदि मौजूद थे।

## सहकारी समितियों को सहायता देने की मांग

**डोंगरगढ़।** धान खरीदी के बाद सामने आ रहे सूखत के मामलों को लेकर सेवा सहकारी समितियों की जिम्मेदारी तय करने पर सवाल उठने लगे हैं। सरकार से धान खरीदी की नमी नीति की समीक्षा, समय पर धान उठाव करने तथा सेवा सहकारी समितियों को आर्थिक राहत उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

ज्ञापन में बताया कि वर्तमान व्यवस्था के अनुसार 17 प्रतिशत नमी तक का धान खरीदा जाता है। खरीदी के समय नमी की जांच एवं पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन रिकॉर्ड में दर्ज रहती है। लंबे समय तक भंडारण के दौरान तापमान के प्रभाव से धान की नमी कम हो जाती है, तो वजन में कमी आना एक सामान्य प्रक्रिया है। धान के वजन में कमी का दायित्व सेवा सहकारी समितियों या प्रबंधकों पर डालना उचित नहीं है।



#### विलंब से उठाव के कारण सूखत

ज्ञापन में बताया गया कि नवंबर-दिसंबर में खरीदा गया धान कई महीनों तक खरीदी केंद्रों में रहता है। विलंब से उठाव के कारण होने वाले प्राकृतिक सूखत के लिए समितियों को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। वहीं सोसायटियों की वित्तीय स्थिति को देखते हुए सरकार से आर्थिक सहायता पैकेज उपलब्ध कराने तथा धान खरीदी का कमीशन समितियों के खातों में जमा करने की मांग की गई है।

## अवैध कटाई के बाद कोहलाकसा जंगल में बढ़ रहे अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क चिरचारी

- ग्रामीणों ने निगरानी तेज करने की उठाई मांग

दक्षिण बोरतलाव परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले कोहलाकसा जंगल में पेड़ों की कटाई के बाद ठूंठ ही ठूंठ दिखाई दे रहे हैं। वन सुरक्षा के लिए विभागीय व्यवस्था होने के बावजूद पेड़ों की कटाई होने से विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार मोहनपुर से कोहलाकसा जंगल तक जाने वाले मार्ग के आसपास की वन भूमि के उपयोग को लेकर गतिविधियाँ देखी जा रही हैं जिससे में वन सुरक्षा और प्रबंधन की वर्तमान स्थिति चर्चा का विषय बनी हुई है। डिप्टी रेंजर और बीट गार्ड की गश्त और निगरानी के स्तर पर सुधार की आवश्यकता महसूस की जा रही है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अमले की संलिप्तता होने की आशंका जताई है।

#### खनिज का उत्खनन

यह जंगल पूर्व में रेत उत्खनन के कारण चर्चा में रहा है। अब अतिक्रमण और पेड़ों की कटाई को लेकर सुर्खियों में है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि निगरानी व्यवस्था को प्रभावी और गश्त को सुदृढ़ किया जाए तो जंगल के संरक्षण में मदद मिल सकती है। उनका यह भी कहना है कि वन संपदा को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए जांच और त्वरित कार्रवाई किया जाना चाहिए।

### योग में लगातार रूचि ले रहे नागरिक

# एक साल से योग क्लास का संचालन




हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगर के मंगल भवन में एक साल से योग क्लास का संचालन किया जा रहा है। निः शुल्क नियमित योग संचालन का गत दिनों वर्षगांठ मनाया गया।

शुरू होने के बाद से योग कक्षा एक भी दिन बंद नहीं हुई। नगर के नागरिक प्रतिदिन उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। वहीं कई लोग बीमारियों से मुक्ति पा चुके हैं। कार्यक्रम में सीएमओ विजय पांडेय ने नागरिकों कोसे अधिक से अधिक संख्या में योग क्लास में शामिल होने और स्वच्छता अभियान में सहयोग देने कहा।

कार्यक्रम में योगाचार्य रामेन्द्र तिवारी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक वर्मा, अशोक साहू, दिलीप कुंभकार, संपत छेदैया, छेद्दाबाई वर्मा, अलका वर्मा, ऐश्वर्य, राजलक्ष्मी कोर्राम, घनाराम साव, चंदा साहू, मोना घीया, स्वाति खंडेलवाल, ममता खंडेलवाल, रेणुका खंडेलवाल, उषा अग्रवाल, कैलाश बेन पटेल, रोशनी शाह, नारायण पटेल, लोकेश सलामे, राधिका, चंचल, रोशनी, टेमेश्वरी आदि शामिल हुए।

#### योग का अभ्यास

**गैंदाटोला।** हाईस्कूल जोशीलमती में गत दिनों योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, सरपंच गोमती साहू, प्रभारी प्राचार्य ए सोरी आदि शामिल हुए। हाईस्कूल के पूर्व अध्यक्ष यादव राम साहू ने सूर्य नमस्कार एवं ध्यान कराया। उन्होंने बताया कि योग मानसिक तनाव को दूर और शारीरिक स्फूर्ति प्रदान करता है। यह जानकारी व्याख्याता चैन कुमार निषाद ने दी।

#### अब दंतेश्वरी मंदिर में योग क्लास

जानकारी के अनुसार कल 25 जून से नियमित निः शुल्क योग कक्षा का संचालन मां दन्तेश्वरी मंदिर के नीचे हॉल में होगा। अंत में अशोक साहू ने आभार व्यक्त किया।

**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव**
**जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव के पत्र क्र./1029/प्रवा-2/अ.वि.अ./2026, राजनांदगांव दिनांक 01/06/2026 द्वारा प्राप्त आवेदक श्री संदीप गुप्ता आ.स्व. सीताराम गुप्ता निवासी पुराना हास्पिटल रोड, तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर आवेदक के आधिपत्य एवं स्वामित्व में ग्राम पेण्ड्री प.ह.नं. 36 तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 367/2 रकबा 0.67 एकड़ भूमि का अधिग्रहण संबंधी जांचकर वास्तविक भूमि की सीमा तक अभिलेख दुरूस्त कर शेष रकबा आवेदक के स्वत्व में खसरा एवं बी-1 में सुधार किये जाने का निवेदन किया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 30/06/2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 16/06/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 16/06/2026
पेशी दिनांक : 30/06/2026

मोहर

तहसीलदार
राजनांदगांव (छ.ग.)










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

**प्रवेश प्रारंभ : 2026-27** SHAPING FUTURES, DELIVERING CAREERS **ADMISSIONS OPEN: 2026-27**

''भारती-ग्रुप'' पिछले 29 वर्षो से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, राज्य में आवश्यकता के अनुसार नये-नये पाठ्यक्रम संचालित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा कम-खर्च / कम-फीस में प्रदान कर रहा है। आगे इसी लक्ष्य को पुरा करते हुये अध्ययन प्राप्त कर चुके, लगभग सभी विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रदान कर रही है। इनकी योग्यता, कौशल एवं रुचि के अनुसार छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यो की कई बड़ी-बड़ी कंपनियों में चयनित होकर कार्यरत है तथा कई बड़े रूप में स्व-रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है। जिससे हमारी संस्था के साथ-साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाये रखेंगे इसी विश्वास के साथ ...

**लॉ (कानून)-** लॉ एजुकेशन में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण। एलएलबी 3 वर्षीय, प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम 2 वर्षीय, प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ उत्तीर्ण होने के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प हैं जिसमें से न्यायपालिका, वकालत, कानूनी सलाहकार के रूप में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है, इसके अतिरिक्त वे कॉर्पोरेट सेक्टर, वित्तीय संस्थानों, इनकम टैक्स विभाग, लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग, मानव संसाधन, रियल एस्टेट, मीडिया, बैंकिंग और बीमा क्षेत्रों में भी कार्य कर अपना उज्जवल भविष्य बना सकते हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी है पॉलिटेक्निक / इंजीनियरिंग / एमटेक

हमारे छत्तीसगढ़ शासन औद्योगिक एवं तकनीकी विकास की दिशा में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ ही देश एवं विदेश की कई कम्पनीयों के साथ समझौता को बढ़ावा दे रही है एवं कई बड़ी-बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नये अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पॉलिटेक्निक 3 वर्षीय प्रवेश हेतु 10वीं उत्तीर्ण, बी.टेक 4 वर्षीय, प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। विद्यार्थी सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन जैसे विषयों में प्रवेश लेकर गहन तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। यह कोर्स विद्यार्थियों को अनुसंधान, डिजाइन, विकास, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और इंडस्ट्री में विविध तकनीकी जिम्मेदारियों के लिए तैयार करता है। इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रो में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं जैसे निर्माण कंपनियां, सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग, ऑटोमोबाइल, पावर प्लांट्स, स्टार्टअप्स, सरकारी विभाग, अनुसंधान संस्थान, और शिक्षण संस्थान में रोजगार एवं स्व-रोजगार का अवसर मिलेगा।

Afft. to Ayush University, Raipur
- BAMS (Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery)
- B.Sc. (Nursing)

Afft. to IGKV, Raipur
- B.Tech Agri.
- B.Sc. Agri.

## प्रथम दीक्षांत समारोह में उपस्थित डॉक्टरेट उपाधि प्राप्तकर्ता




भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं लगभग सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर कोर्सेस सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये कई नये-नये विषयों मे शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। विद्यार्थियों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन के साथ-साथ IAS, IPS, IES, IFS, IRS, SSC, CGPSC/State Public Service Commission तथा अन्य सभी केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता सुनिश्चित करने हेतु इसकी तैयारी नि:शुल्क प्रदान की जा रही है।

### Law
- B.A. LLB
- LLB
- B.Com LLB
- LLM

### Engineering
M. Tech. / B.Tech. / Polytechnic
- CSE
- Civil
- ET&T
- Mechanical
- Electrical

(Regular / Working Professionals with Flexible Time)

### Education
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

### Public Health
- MPH (Master of Public Health)

### Rural Studies
- Bachelor (BRS)
- Master (MRS)

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S.)*
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S.)*

### Social Work
- Diploma (DSW)
- Bachelor (BSW)
- Master (MSW)

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma

### Science
- B.Sc (Hons)/M.Sc
  - Forensic Science
  - Chemistry
  - Maths
  - Computer Sceince
  - Physics
  - Zoology
  - Animation & Visual Effects
  - Botony
  - Microbiology
  - Biotechnology
  - Home Science
  - IT

### Arts/ Commerce & Management
- BBA
- MBA
  - Hospital Mgt.
  - Financial Mgt
  - Marketing Mgt.
  - Human Resource Mgt.
- B.A.(Hons)/ M.A
  - Psychology
  - English
  - Sociology
  - Yoga
  - Hindi
  - Sanskrit
  - Economics
  - History
  - Geography
  - Political Science
- B.Com.(Hons)
- M.Com
- B.Stat
- M.Stat
- DCA
- BCA
- PGDCA

### Library Science
- M.Lib
- B.Lib
- D.Lib

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Digital Marketing
- Yoga Science
- Nutrition & Dietetics
- Interior Design
- Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

**Ph.D. Available in all Major Subjects**

**फॉरेंसिक साइंस-** भारती विश्वविद्यालय न केवल दुर्ग, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है। बीएससी फॉरेंसिक साइंस(ऑनर्स) 3+1 वर्षीय (डिग्री+अनुसंधान)में प्रवेश हेतु गणित अथवा विज्ञान विषय में 12वीं उत्तीर्ण एवं एमएससी फॉरेंसिक साइंस 2 वर्षीय, प्रवेश हेतु बीएससी गणित/जीवविज्ञान, फार्मेसी, इंजीनियरिंग के साथ स्नातक होना अनिवार्य है। इस विषय से छात्रों को अपराध अनुसंधान, डीएनए विश्लेषण, फिंगरप्रिंट तकनीक, क्राईम सीन इन्वेस्टिगेशन, साइबर सिक्योरिटी और टॉक्सीकोलॉजी जैसे आधुनिक कौशलों में प्रशिक्षित होने का ज्ञान प्राप्त होगा। डिग्री प्राप्त होने के बाद अपराध जॉंच में वैज्ञानिक सबूतो के बढ़ते महत्व के कारण सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में नौकरी के सबसे ज्यादा अवसर हैं, फॉरेंसिक साइंस के विद्यार्थी देश-विदेश के फॉरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फॉरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य करते हैं। सरकारी विभागों जैसे सेंट्रल एवं स्टेट फॉरेंसिक साइंस लैब, गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य खुफिया एजेंसियों में फॉरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों को एक सशक्त कैरियर एवं रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान...**

## ''फार्मेसी ज्ञान और सेवा का संगम''

डी. फार्मेसी 2 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स एवं बी.फार्मेसी 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम है जिनमें प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। फार्मेसी विज्ञान और मानव स्वास्थ्य के बीच एक सेतु है, जो कि ना केवल दवाओं की गुणवत्ता और प्रभाव को सुनिश्चित करता है, बल्कि रोगों की रोकथाम और इलाज में अहम भूमिका निभाता है। आज की तेज रफ्तार जीवनशैली, बदलती स्वास्थ्य समस्याएं, और नई-नई बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के चलते फार्मेसी क्षेत्र में कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग निरंतर बढ़ रही है। यह कोर्स अनुसंधान, शिक्षण, उद्योग और सरकारी विभागों में उन्नत कैरियर के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। जिसमें विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल विज्ञान की मूलभूत जानकारी, दवा निर्माण, ड्रग डिजाइन, फार्माकोलॉजी, हर्बल ड्रग्स और क्लिनिकल फार्मेसी जैसे विषयों में गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस कोर्स के अध्ययन से विद्यार्थियों को अनुसंधान, निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, और फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में विभिन्न जिम्मेदारियों के लिये तैयार होते है। फार्मेसी के डिग्री प्राप्त करने के बाद छात्र सरकारी और निजी अस्पतालों, क्लीनिकों, इसके अलावा स्वरोजगार के लिए मेडिकल स्टोर भी प्रारंभ कर सकते हैं।

## PLACEMENT SELCTION 2026



**TOP RECRUITERS**

WIPRO LTD. · ASHOK L bY LAYAM GROUP · JINDAL ELECTRICAL · HCL INFOSYSTEMS Ltd. · TATA CONSULTANCY SERVICES · L & T CONSTRUCTION · SUZUKI MOTORS · MAHINDRA & MAHINDRA Ltd. · CAPGEMINI INDIA PVT. LTD. · ULTRATECH CEMENT · SUZLON ENERGY LTD. · BOC INDIA LTD. · DHOOT TRANSMISSIONS · ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. · HIRA POWER & STEEL · MAINTEC TECHNOLOGIES · IDBI BANK LIMITED · JUST DIAL LIMITED





**6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07**

www.bhartiuniversity.org
bhartiuniversity.in@gmail.com



**SUN PUBLIC SCHOOL**
A CBSE NEW Delhi, affiliated School
Day Boarding School
ADMISSIONS OPEN
Hostel Facility Available from 6th to 12th Class
NURSERY TO 12TH CBSE
ENGLISH MEDIUM
9109186601, 9109186607

**सन प्राइवेट आई.टी.आई.**
भारत सरकार (NCVT & DGT) एवं छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
विशेषताएँ
- उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम
- अनुभवी शिक्षक
- आधुनिक टूल्स एवं मशीनों द्वारा ट्रेनिंग
- छात्रवृत्ति की सुविधा
- हॉस्टल की सुविधा

प्रवेश प्रारंभ
- इलेक्ट्रीशियन, फिटर } 2 वर्ष
- कोपा, स्टेनो (हिन्दी) } 1 वर्ष

9589158888, 9109186606

## खबर संक्षेप

### 73 प्रकरणों का निराकरण

**खैरागढ़।** बालकों के अधिकारों की सुरक्षा, संरक्षण और उनके सर्वोत्तम हितों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गठित बालक कल्याण समिति



सीडब्लूसी का एक साल महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ सफल रहा। 20 जून 25 को गठित समिति में अध्यक्ष अर्चना जैन के नेतृत्व में तरुणा साहू, ज्योत्सना ठाकुर, पूनम वाल्दे प्रशांत अग्रवाल बतौर सदस्य कार्यरत हैं। छग शासन द्वारा बाल संरक्षण से जुड़े मामलों के त्वरित व संवेदनशील निराकरण के लिए गठित समिति ने बीते एक साल के दौरान बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके पुनर्वास के लिए लगातार सक्रिय भूमिका निभाई है। समिति अनुसार अब तक कुल 73 प्रकरण दर्ज किया गया। जिनमें गुमशुदगी, पाक्सो, देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चे, दत्तक ग्रहण सहित अन्य जिलों से स्थानांतरित प्रकरण शामिल हैं। समिति अध्यक्ष ने बताया कि जिले में बिना किसी बाधा के बाल संरक्षण से जुड़े कार्यों का संचालन किया जा रहा है। खैरागढ़, छुईखदान और गंडई क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों व पुलिस विभाग से भी बच्चों से संबंधित मामलों में निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है। समिति ने विश्वास जताया कि भविष्य में भी सभी विभागों के समन्वय से बाल अधिकारों की रक्षा और बाल कल्याण के लिए प्रभावी कार्य जारी रहेगा।

### एक ही छत के नीचे बने 100 से अधिक प्रमाण पत्र

**राजनांदगांव।** वार्ड नं. 39 के पार्षद रवि सिन्हा ने मुख्यमंत्री की मंशानुरूप संचालित मोर संगवारी योजना के तहत बुधवार को गंजपारा स्कूल में एक



विशाल शासकीय शिविर का आयोजन किया। शिविर के माध्यम से वार्डवासियों को आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए दफ्तरों या पटवारी के चक्कर काटने की समस्या से मुक्ति मिल गई। शिविर में मोर संगवारी योजना के तहत आम जनता की सहूलियत के लिए राजस्व विभाग और नगर निगम का अमला मौके पर मौजूद रहा। शिविर में पटवारी लोकेश देवांगन, नगर निगम से राकेश साहू एवं आशीष वत्सल्य स्वयं उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मौके पर ही सजगता से आवेदनों की जांच की और ऑन-द-स्पॉट प्रक्रियाओं को पूरा किया। जिससे लगभग 100 से अधिक नागरिकों के आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र बेहद पारदर्शी और आसान तरीके से तैयार किए गए। पार्षद रवि सिन्हा ने कहा वार्ड की जनता का हित और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण ही मेरा पहला कर्तव्य है। अक्सर छात्र-छात्राओं और परिजनों को एक अदद प्रमाण पत्र के लिए दफ्तरों की लंबी दौड़ लगानी पड़ती थी। जिससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद होता था। मोर संगवारी योजना के माध्यम से प्रशासन को सीधे जनता के द्वार (गंजपारा स्कूल) पर लाकर खड़ा किया गया है, ताकि हर पात्र व्यक्ति को घर बैठे अधिकार मिल सके। शिविर को सफल बनाने में रितेश देवांगन, मनोज धीवर, संदीप निर्मलकर सहित वार्ड के प्रबुद्धजनों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### धोखाधड़ी : किसानों ने कार्रवाई के लिए लगाई गुहार

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव क्षेत्र के लगभग 11 किसानों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते कहा कि ब्याज पर रकम लेने के बाद रुपए की अदायगी होने पर भी फर्जी तरीके से धोखाधड़ी करते किसानों की जमीन रजिस्ट्री करा ली गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में दीपक नंदेश्वर ने कहा कि उनके पिता द्वारा डोंगरगांव के मानिक गांधी से ब्याज में पैसा लिया गया था। जिसके लिए ऋण पुस्तिका भाग-1 को गिरवी रखा गया था। वहीं ब्याज की रकम जमा करने के बाद भी उनके पिता सहित अन्य किसानों को परचा-पट्टा वापस करने घुमाया जाता रहा। दो-तीन माह बाद परचा पट्टा वापस करना है, कहकर किसानों को धोखे से बुलवाया गया और बंद कमरे में सुमित और अमित गांधी द्वारा दस्तावेजों पर धोखे से हस्ताक्षर करवा लिया गया। वहीं उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में इसकी शिकायत तहसील स्तर पर की गई। इसके बाद मामला एसडीएम न्यायालय और फिर कलेक्टर तक पहुंचा। इसके बाद लगभग 2 वर्ष तक सिविल न्यायालय में मामला चल और वर्ष 2023 में वापस डोंगरगांव राजस्व न्यायालय में प्रकरण भेजा गया, जो अब तक चल रहा है और इस पर निर्णय नहीं आने से किसान परेशान हैं। किसानों ने कहा कि लगभग 100 एकड़ की जमीन फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराई गई है। वहीं अभी भी जमीन किसानों के ही कब्जे में है। लीलाराम साहू सहित अन्य किसानों ने कहा कि फर्जी रजिस्ट्री पर तत्काल कार्रवाई हो, इसके लिए वे राष्ट्रपति को पत्र लिखेंगे और कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में इच्छा मृत्यु की मांग करेंगे।

### आपातकाल पर भाजपा का राजनीतिक पाखंड : आलम

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी आज आपातकाल का नाम लेकर लोकतंत्र की दुहाई देती है, लेकिन उसे यह भी बताना चाहिए कि आज देश



में लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्तता, विपक्ष की आवाज, मीडिया की स्वतंत्रता और संवैधानिक मूल्यों की स्थिति क्या है?

उक्त वक्तव्य जारी करते छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महासचिव आफताब आलम ने कहा कि 1975 में लगाया गया आपातकाल तत्कालीन संवैधानिक प्रावधानों के तहत घोषित किया गया था। यह निर्णय असाधारण परिस्थितियों में लिया गया था और अंततः जनता के बीच जाकर चुनाव कराया गया। जनता का जो भी जनादेश आया, कांग्रेस ने उसे पूरी विनम्रता से स्वीकार किया और शांतिपूर्ण ढंग से सत्ता हस्तांतरित की। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी कसौटी है। संयुक्त महासचिव श्री आलम ने कहा कि भाजपा को यह बताना चाहिए कि यदि वह लोकतंत्र की सबसे बड़ी संरक्षक है तो आज विपक्षी नेताओं पर केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई, निर्वाचित सरकारों को अस्थिर करने के आरोप, संसद में विपक्ष की आवाज को दमन एवं सीमित करने की शिकायतें और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर उठते सवाल क्यों लगातार सामने आ रहे हैं? कांग्रेस ने अपने इतिहास से सीख ली है और लोकतंत्र तथा संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बार-बार दोहराया है, लेकिन भाजपा आज भी 50 वर्ष पुराने इतिहास के सहारे वर्तमान की विफलताओं से जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है।

देश की जनता अब इतिहास की बहस नहीं, बल्कि वर्तमान के सवालों का जवाब चाहती है। नीट जैसे परीक्षा के पेपर लीक होना, महंगाई क्यों बढ़ रही है, बेरोजगारी क्यों चरम पर है, बिजली की समस्या भयावह हो चुकी है, किसानों की आय क्यों नहीं बढ़ रही और आम नागरिक का जीवन लगातार कठिन क्यों होता जा रहा है? आज की स्थिति का आकलन करें तो आपातकाल से ज्यादा खतरनाक बनी हुई है। भाजपा को इतिहास की राजनीति छोड़कर वर्तमान का हिसाब देना चाहिए। कांग्रेस लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए पहले भी प्रतिबद्ध थी, आज भी है और आगे भी रहेगी।

### समिति की बैठक 30 को

**राजनांदगांव।** अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय की अध्यक्षता में आगामी 30 जून को शाम 4 बजे कलेक्टोरेट स्थित अपर कलेक्टर कक्ष क्रमांक 30 में जिला स्तरीय सतर्कता एवं जिला स्तरीय सर्वेक्षण समिति तथा अनुसूचित जाति व जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम 1995 के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में समिति के सभी सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की गई है।

---

### तकनीकी खराबी को ठीक कर मोहारा जल संयंत्र में विद्युत आपूर्ति की गई बहाल

# सफाई, जल निकासी, सड़क मरम्मत सहित सौंदर्यीकरण कार्यों में लाएं तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा शहर में स्वच्छता, जल निकासी, सड़क मरम्मत, पौधों के संरक्षण तथा सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता के साथ संचालित किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों पर कार्रवाई करते संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

नगर निगम के स्वास्थ्य अमला द्वारा नियमित रूप से फ्लाई ओवर के नीचे एवं शहर के विभिन्न वार्डों की साफ-सफाई की जा रही है। आंधी-तूफान के कारण फ्लाई ओवर के नीचे फैले सूखे पत्तों एवं कचरे की सफाई कर दी गई है। बारिश पूर्व अभियान के तहत शहर के छोटे-बड़े नालों एवं नालियों की सफाई गैंग एवं जेसीबी मशीनों के माध्यम से की जा रही है। प्रथम चरण की सफाई पूर्ण होने के बाद शेष नालों की द्वितीय चरण में सफाई जारी है। कलेक्टोरेट परिसर की नालियों में आंधी-तूफान के कारण पत्ते जमा होने से अवरोध उत्पन्न हुआ था, जिसे प्राथमिकता से साफ किया जा रहा है। डॉक्टर कॉलोनी, बलदेवबाग तथा अन्य जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में भी नालियों की सफाई की जा रही है। नालियों पर हुए अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई भी प्रस्तावित है।



#### जलापूर्ति एवं विद्युत व्यवस्था बहाल

आंधी-बारिश के कारण 33/11 केवी सब-स्टेशन में आई तकनीकी खराबी के कारण विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने से मोहारा जल संयंत्र की बिजली बाधित रही, जिसे समय पर ठीक कर लिया गया। विद्युत आपूर्ति बहाल होने के बाद टंकियों को भरकर नियमित जलापूर्ति पुनः शुरू कर दी गई है। मोहारा सर्विस रोड की स्ट्रीट लाइटें भी शॉर्ट-सर्किट के कारण बंद हो गई थी, जिन्हें निगम के विद्युत अमले द्वारा सुधार दिया गया है।

#### पौधों के संरक्षण पर विशेष ध्यान

शहर के डिवाइडरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए पौधों को गर्मी से बचाने नियमित रूप से टैंकरों के माध्यम से सिंचाई की जा रही है। कलेक्टोरेट परिसर एवं अन्य क्षेत्रों में झुके हुए पौधों को पुनः व्यवस्थित किया जा रहा है तथा बड़े वृक्षों की आवश्यक छंटाई भी की जा रही है। आगामी वर्षा ऋतु में पौधरोपण के लिए सुरक्षित स्थलों का चयन किया जा रहा है।

#### मरम्मत की तैयारी

निगर निगम के स्टेशनपारा से रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क सहित शहर की कई पुरानी सड़कों का डामरीकरण प्रस्तावित है। वर्तमान में डामर उपलब्ध नहीं होने से कार्य प्रभावित हुआ है। संबंधित ठेकेदारों को कार्य शीघ्र प्रारंभ करने नोटिस जारी किए गए हैं। डामर उपलब्ध होते ही सड़कों में पेंचवर्क एवं मरम्मत कार्य कराया जाएगा। मोहारा-सिंगदई मार्ग, कलेक्टोरेट गार्डन के समीप सर्विस रोड, गौरवपथ तथा अन्य स्थानों पर सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं। वार्डों में सीसी रोड एवं नाली निर्माण के लिए पार्षदों से प्रस्ताव आमंत्रित कर शासन को भेजे गए हैं।

#### कार्यों को मिलेगी गति

शहर के प्रमुख चौक-चौराहों एवं डिवाइडरों के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। स्वीकृति प्राप्त होने के बाद सौंदर्यीकरण कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। रानीसागर एवं बूढ़ासागर क्षेत्र में पूर्व में असामाजिक तत्वों द्वारा क्षति पहुंचाए जाने के मामलों में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। शासन के बजट में उक्त क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण के लिए प्रावधान किया गया है। लक्ष्मण झूला की मरम्मत प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है तथा शीघ्र ही इसे पुनः शुरू किया जाएगा।

---

### चकनार में लोक अदालत आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत चकनार में कल गुरूवार को साम 4 बजे लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे।

ज्ञात हो कि बीते दिवस पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने सर्व सहमति से पंचायत को शराब मुक्त बनाने का निर्णय लिया था। जिसमें विवाद की स्थिति आने पर विभाग द्वारा जन अदालत के माध्यम से गांव की समस्या को दूर करने का सार्थक प्रयास किया जायेगा। साथ ही विभागिय अधिकारियों द्वारा विभिन्न विषयों पर चर्चा कर ग्रामीणों को दिशा निर्देशित किया जायेगा।

### अनिकेत का सैनिक स्कूल में चयन

**राजनांदगांव।** बजरंगपुर नवागांव



निवासी नर्मदा प्रसाद मिश्रा के पुत्र अनिकेत मिश्रा का चयन शासकीय सैनिक स्कूल पुंगलवा (नागालैंड) के लिए हुआ है। वे गायत्री विद्या मंदिर स्कूल सुकुलदैहान के विद्यार्थी हैं। अनिकेत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरू मुसरा निवासी दीनदयाल साहू को दिया है।

---

## मोपेड में शराब ले जाते पकड़ा 70 पौवा शराब बरामद

**राजनांदगांव।** मोपेड में अवैध रूप से बड़ी मात्रा में शराब ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 23 जून को पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति मात्रा से अधिक शराब रखकर अपने काले रंग के एक्टिवा वाहन से करियाटोला डोंगरगांव की ओर जा रहा है।

#### पुलिस टीम ने पकड़ा

जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश व मार्गदर्शन में थाना डोंगरगांव निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर द्वारा त्वरित कार्रवाई कर पुलिस की टीम गठित कर उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताए हुलिये व वाहन को चिन्हांकित कर पकड़ा गया।

#### 70 पौवा अंग्रेजी शराब व मोपेड जब्त

शराब रखने, बिक्री करने के संबंध में अजय सिन्हा से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। पुलिस ने आरोपी अजय सिन्हा 24 साल निवासी ग्राम पेटेश्री को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे 70 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 8400 रुपए एवं एक्टिवा वाहन जब्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना डोंगरगांव में धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर, प्रधान आरक्षक संदीप देशमुख, आरक्षक महत सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

---

## सात बच्चों को कोख में खोने के बाद मिला मातृत्व सुख!


■ प्रेगनेंसी में बीपी बढ़ जाता था और हो जाती थी बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डॉ. सुरभि मोहबे हॉस्पिटल कंचनबाग डी-मार्ट रोड की संचालक एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरभि ने एक नायाब कार्य कर ग्रामीण महिला को लंबे समय बाद मातृत्व सुख का आनंद दिलाया है। प्रसूता ने इससे पूर्व सात बच्चों को अपनी कोख में ही खो दिया था। 16 वर्ष पूर्व वैवाहिक बंधन में बंधने के बाद से वह इस सुख के लिए तरस रही थी । इस आठवें गर्भ की स्थिति में भी वही बीपी की समस्या बनी हुई थी। डॉ. सुरभि ने सावधानीपूर्वक इलाज करते स्वस्थ बच्ची का जन्म कराया।

छग के इतिहास में स्वास्थ्यगत सुविधा और नायाब कार्यप्रणाली द्वारा डॉ. सुरभि मोहबे ने एक महिला को मातृत्व सुख प्रदान कर न केवल साहू परिवार का दिल जीत लिया, वरन उस परिवार में लक्ष्मी रूपी कन्या का जन्म भी कराया। गौरतलब है कि जिले के छुरिया ब्लॉक के ग्राम झीतराटोला निवासी श्रीमती लीला साहू विगत 16 वर्षों से संतान सुख से वंचित थी। खुद लीला साहू बताती हैं कि उन्होंने गर्भधारण तो किया, किंतु हर बार उनकी ब्लड प्रेशर की बीमारी ने उनके सपनों को पूरा नहीं होने दिया। हर बार गर्भ की स्थिति में हाई ब्लड प्रेशर के कारण उनके सात बच्चों ने दुनिया नहीं देख पाई। सभी बच्चे उसकी कोख में ही दम तोड़ देते और मृत बच्चे को गर्भ से निकालकर उसकी जान बचाई जाती रही है। आठवीं बार जब लीला साहू गर्भवती हुई तो किसी ने उन्हें डॉ. सुरभि मोहबे से संपर्क करने की सलाह दी। डॉ. सुरभि ने बताया कि जब गर्भवती लीला साहू उनके पास आई, तब भी जांच उपरांत उनका बीपी 200/120 पाया गया, जो चिंता का विषय था। डॉ. सुरभि ने पिछली रिपोर्ट का अध्ययन कर केस हिस्ट्री के आधार पर ट्रीटमेंट शुरू किया। गर्भ की अवधि पूरी होने पर उन्होंने ऑपरेशन द्वारा डिलीवरी कराकर 2 किलो 700 ग्राम वजन की स्वस्थ बच्ची का जन्म कराया । चूंकि बच्ची जन्म के बाद थोड़ी कमजोर थी, इसलिए उसे एक सप्ताह तक आईसीसीयू में रखा गया। उसके बाद स्वस्थ होने पर उन्हें छुट्टी दे दी गई। अपनी बच्ची को जीवित और स्वस्थ पाकर साहू परिवार खुशियों के आगे नतमस्तक है। उन्होंने डॉ. सुरभि के लिए यह कहने में संकोच नहीं किया कि वह उनके लिए ईश्वर बनकर सामने आई है।

#### एक माह तक रही भर्ती



श्रीमती साहू की केस हिस्ट्री को देखते डॉ. सुरभि ने डिलीवरी से एक माह पूर्व श्रीमती साहू को अपने ऑब्जर्वेशन में रखने के उद्देश्य से हॉस्पिटल में भर्ती रखा। पुराने सभी मामलों में ठीक समय पर बीपी हाई हो जाता था और बच्चा गर्भ में ही दम तोड़ देता था। डॉक्टर की सावधानी और प्रसूता का सहयोग ही आज साहू परिवार की खुशी का कारण बना है।

---

## सनसिटी चल प्रतिष्ठा महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, संपूर्ण परिसर धर्ममय





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सनसिटी कॉलोनी में आयोजित चल प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत आज पूरे दिन श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। सनसिटी परिवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से संपूर्ण परिसर धर्ममय वातावरण से गुंजायमान रहा। महोत्सव के प्रति समाजजनों में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिला तथा प्रथम दुवास के सभी कार्यक्रम अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुए। संयोजक गुलाब गोलछा ने बताया कि कल 25 जून को प्रतिष्ठा महोत्सव का मुख्य आयोजन संपन्न होगा। सुबह 7.20 बजे शुभ मुहूर्त में चल प्रतिष्ठा महोत्सव होगी। इसके पश्चात सुबह 10 बजे लाभार्थी परिवार का बहुमान किया जाएगा तथा 10.25 बजे से शांति स्नात्र महोत्सव का आयोजन रखा गया है। श्री तीर्थकर समवशरण जिनालय एवं दादा बाड़ी ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक एवं पुण्यमयी अवसर का लाभ लेने का विनम्र आग्रह किया है।

#### आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाए

प्रातःकाल विविध पूजा एवं परम पूज्य आचार्य भगवंत श्री जिनपीयूष सागर सूरीश्वर जी मसा आदि ठाणा 14 के मंगल प्रवचन का आयोजन हुआ। जिसमें गुरु भगवंत ने धर्म, संयम एवं सदाचार का संदेश प्रदान करते जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। इसके पश्चात भव्य वरघोड़ा सनसिटी परिसर में निकाला गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर जिनशासन के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। दोपहर में आयोजित नंदावर्त पूजा में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर पुण्यार्जन किया। वहीं सायंकाल आयोजित मेहंदी एवं सांझी कार्यक्रम ने विशेष आकर्षण का केंद्र बनकर महिलाओं एवं युवतियो में उत्साह का संचार किया। रात्रि में आयोजित भव्य प्रभु भक्ति संध्या में परम गुरुभक्त भावेश बैद, सजल बैद एवं श्री शांति विजय सेवा समिति राजनांदगांव द्वारा प्रस्तुत भक्तिमय भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

---

## संविधान की प्रस्तावना के वाचन को लेकर बौद्ध समिति ने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपते राज्य के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयों में प्रतिदिन भारतीय संविधान की प्रस्तावना के अनिवार्य वाचन की व्यवस्था लागू करने तथा किसी विशेष धर्म से संबंधित मंत्र, प्रार्थना अथवा धार्मिक अनुष्ठानों की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग की है।

समिति के निर्वाचित अध्यक्ष दीपंकर खोब्रागड़े द्वारा प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि भारत का संविधान देश का सर्वोच्च एवं सर्वमान्य राष्ट्रीय ग्रंथ है, जो सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व का अधिकार प्रदान करता है। विद्यालयों में संविधान की प्रस्तावना का नियमित वाचन विद्यार्थियों में संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक चेतना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सामाजिक न्याय तथा राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति जागरूकता विकसित करेगा।ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विद्यालयों में किसी विशेष धर्म अथवा संप्रदाय



से संबंधित धार्मिक गतिविधियों को अनिवार्य बनाए जाने से संविधान की धर्मनिरपेक्ष भावना प्रभावित होती है, इसलिए सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की व्यक्तिगत धार्मिक आस्था और संवैधानिक स्वतंत्रता का सम्मान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बौद्ध कल्याण समिति ने राज्य सरकार से मांग की है कि विद्यालयों में संविधान, राष्ट्रीय एकता, मानवता, वैज्ञानिक सोच, सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों पर आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए तथा राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थानों में संविधान सम्मत, समतामूलक, धर्मनिरपेक्ष एवं समावेशी शैक्षिक वातावरण स्थापित करने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

---

### उदयाचल में प्रबुद्धजन सम्मेलन में नान अध्यक्ष ने कहा

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंची सरकार की योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विकसित भारत अभियान की परिकल्पना को साकार करने कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण एवं विभिन्न प्रकार के बौद्धिक सम्मेलन कराए जा रहे हैं। सम्मेलन के संयोजक मधुसूदन यादव ने बताया कि कार्यकम के माध्यम से प्रबुद्धजनों में भाजपा की विचारधारा और देश को विकसित भारत बनाने की दिशा में भाजपा के दृष्टिकोण को जन-जन तक पहुंचाने कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत उदयाचल प्रांगण में प्रबुद्धजन सम्मेलन का आगाज हुआ।

मुख्य वक्ता नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मोदी ने 140 करोड़ जनता का विश्वास जीत और लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। विश्वास के साथ-साथ देश का समुचित विकास और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को मोदी सरकार ने पहुंचाया है।

श्री श्रीवास्तव ने कहा कि आज ईरान और अमेरिका के युद्ध के बावजूद भी भारत कच्चा तेल और गैस की दूसरे देशों की निर्भरता पर रहने के बाद भी उसकी पूर्ति सतत एवं निरंतर कर रहा है।

आज हम तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित होने की ओर अग्रसर है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि देश के सांस्कृतिक राष्टवाद को भी मोदी सरकार ने पूर्ण किया और देश के अस्मिता के प्रतीक चिन्हों को पीछे छोड़ते 500 वर्षों से प्रतिक्षारत प्रभु श्रीराम मंदिर के निर्माण का सपना भी मोदी ने साकार किया।

भाजपा जिलाअध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते कहा कि जैसे ही उन्होंने संसद में कदम रखा और अपने पुरातन इतिहास को स्मरण करते इंडिया गेट के पास अमर ज्योति के समीप गुलामी के प्रतीक जॉर्ज पंचम की मूर्ति को हटाने का निर्णय करते नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा को उसकी जगह पर लगाकर भारत के परम वैभव को स्थापित किया। सम्मेलन में सचिन बघेल, शशिकांत द्विवेदी, किरण वैष्णव व मधुसूदन यादव ने भी अपने विचार रखे।



#### स्वास्थ्य के क्षेत्र में चमत्कारिक परिवर्तन - डॉ. प्रकाश खूंटे

सम्मेलन में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. प्रकाश खूंटे ने बताया कि मोदी सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में चमत्कारिक परिवर्तन हुआ है। 12 वर्ष पूर्व स्वास्थ्य के क्षेत्र में हम पिछड़े हुए थे, परंतु मोदी सरकार के आने के बाद चाहे एम्स हो या मेडिकल कॉलेज की संख्या हो, देश में ऐतिहासिक रूप से इनकी वृद्धि हुई है। सम्मेलन में खुबचंद पारख, नीलू शर्मा, रमेश पटेल, तरुण लहरवानी, पूर्णिमा साहू, दिनेश गांधी, योगेश बागडी, मनोज निर्वाणी, गोलू गुप्ता, सुमित भाटिया, आभा तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।

---

### योग ने महिलाओं को सिखाई स्वस्थ रहने की जीवनशैली



**राजनांदगांव।** प्रांतीय ब्राह्मण समाज ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को यादगार क्षण के रूप में अपनी स्वस्थ जीवनशैली में कैद कर लिया। 21 जून को विशेषकर महिला विंग ने अपने कुछ पल योग की विधाओं को समर्पित किया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज की पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में सदस्यों ने अपने जीवन को स्वस्थ दिशा प्रदान करते योग की क्रियाओं से खुद को जोड़ा। उन्होंने प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा योग करने का संकल्प लिया। राजनांदगांव विंग से ममता अवस्थी ने बताया कि योग दिवस पर वृक्षासन से लेकर धनुरासन, प्राणायाम जैसी योग क्रियाएं की। अंत में महिलाओं ने इसे अपने जीवन का आवश्यक अंग बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### अल-नीनो की संभावित स्थिति के मद्देनजर विभाग की सलाह

# कृषि विभाग ने जारी किया खरीफ के लिए आकस्मिक कार्ययोजना

## जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

खरीफ मौसम में अल-नीनो के प्रभाव के कारण मानसून का देर से आगमन, शीघ्र समाप्त होने और फसल अवधि के दौरान वर्षा में लंबे अंतराल खंड वर्षा की संभावना को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों के लिए आकस्मिक कार्ययोजना जारी की है जिसमें उन्होंने किसानों से मौसम की अनिश्चित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने और जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की अपील की है।

विभाग के अनुसार किसानों को वर्षा प्रारंभ होने से पूर्व खेतो व मेड़ों की सफाई, जुताई सहित भूमि तैयारी के सभी आवश्यक कार्य समय पर पूरा कर लेना चाहिए। अल-नीनो को देखते हुए कम व मध्यम अवधि में पकने वाली फसलों व उन्नत किस्मों का चयन करना ज्यादा लाभकारी रहेगा। कम वर्षा की संभावना को देखते हुए धान को रोपा पद्धति के स्थान पर सीधी बुवाई को प्राथमिकता देने की सलाह दी है। इससे तकनीक से लगभग 20 प्रतिशत पानी की बचत, प्रति एकड़ करीब 5 हजार रुपए तक कम लागत और फसल 12 से 15 दिन पहले पककर तैयार हो जाती है। धान खेती में वर्षा जल संरक्षण के लिए खेतों में मेड़बंदी करने पर भी विशेष बल विभाग ने दिया है।



### मौसम देखकर बनाए योजना

जमीन की नमी बनाए रखने मल्चिंग तकनीक अपनाने, गांवों के नालों पर सीमेंट की बोरियों में रेत भरकर अस्थाई बांध बनाने और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने की सलाह देते हुए विभाग ने कहा कि नालों के माध्यम से डबरियों, तालाबों, कुओं सहित अन्य जल संरचनाओं में वर्षा जल संग्रहित कर सूखे या वर्षा में लंबे अंतराल की स्थिति में जीवन रक्षक सिंचाई के रूप में उपयोग किया जा सकता है। कम वर्षा की स्थिति में नत्रजन उर्वरकों का सीमित उपयोग करने और इसके स्थान पर 2 प्रतिशत यूरिया घोल का पर्णीय छिड़काव अथवा प्रति एकड़ दो बोतल नैनो यूरिया के उपयोग को अधिक लाभकारी बताया है। वहीं दलहनी एवं तिलहनी फसलों में बुवाई के लगभग एक माह बाद 2 प्रतिशत डीएपी घोल का पर्णीय छिड़काव करने से पौधों की वृद्धि एवं उत्पादन क्षमता में सुधार होने की बात कही गई है। किसानों से मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि योजना बनाने, उपलब्ध जल संसाधनों का समुचित उपयोग करने, ड्रिप, स्प्रिंकलर जैसी तकनीकों को अपनाने और फसल विविधीकरण के माध्यम से जोखिम कम करने का अपील करते हुए किसी भी प्रकार की कृषि संबंधी समस्या या तकनीकी मार्गदर्शन के लिए निकटस्थ कृषि कालेज, अनुसंधान केन्द्र व कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने की अपील की है।

### बीजोपचार की दी सलाह

उच्च भूमि वाले क्षेत्रों में किसानों को धान के स्थान पर अरहर, मूंग, उड़द जैसी दलहनी फसलों, मूंगफली, तिल, रामतिल व सोयाबीन जैसी तिलहनी फसलों की खेती अपनाने की सलाह दी गई है। फसलों की बुवाई कतार पद्धति से करने पर खरपतवार नियंत्रण, नमी संरक्षण, पौधों की बेहतर वृद्धि सुनिश्चित होती है और सूखे की स्थिति में भी फसल अपेक्षाकृत सुरक्षित रहती है। विभाग ने सभी फसलों के बीजों का बुवाई पूर्व उपचार अनिवार्य रूप से करने की सलाह दी है। बीजोपचार के लिए कार्बेडाजिम 2 ग्राम प्रति किग्रा बीज, थायमेथोक्साम या इमिडाक्लोप्रिड 1.5 मिली प्रति किग्रा बीज व धान के लिए एजोस्पिरिलम, अन्य फसलों के लिए एजोटोबैक्टर, दलहनी फसलों के लिए राइजोबियम जैव उर्वरक का उपयोग करने की अनुशंसा की है। साथ ही बुवाई के 3 से 5 दिन के भीतर अंकुरण पूर्व खरपतवारनाशी, 20 से 25 दिन बाद अनुशंसित खरपतवारनाशी का उपयोग करने की सलाह दी है। बुवाई के बाद 15 जुलाई तक अंकुरण नहीं होता है तो किसानों को पुनः बुवाई करनी चाहिए और सामान्य बीज दर की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक बीज का उपयोग करने की सलाह विभाग ने दी है वही जुलाई माह के अंत तक मूंग, उड़द की बुवाई पूरा करने और अगस्त माह में तिल, सूरजमुखी सहित मध्यम अवधि वाली अरहर की बुवाई करने कहा है।

# पांडादाह में रथयात्रा मेले में व्यापारियों को टैक्स की छूट

### मंदिर सेवा समिति की बैठक में लिया गया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रियासत काल में राजनांदगॉव की राजधानी रहे ब्लाक के पांडादाह स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में रथयात्रा पर्व को ऐतिहासिक बनाने मंदिर सेवा समिति की बैठक मे श्रद्धालुओं की सुविधा और मेले के सुव्यवस्थित संचालन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

समिति अध्यक्ष पंडित मिहिर झा की अध्यक्षता और सचिव राजू यदु, रामेश्वर रामटेक, संतोष पुजारी, संतोष कर्ष, रिंकू महोबिया, संतू सिन्हा, आरती महोबिया, सरस्वती यदु, प्रमिला देवी सहित बड़ी संख्या में मौजूद समिति सदस्यों व ग्रामवासियों की मौजूदगी में रथयात्रा मेले में छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहित करने दुकान लगाने वाले स्थानीय व्यापारियों से इस साल किसी भी प्रकार का बाजार टैक्स नहीं लेने, श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए दर्शन व्यवस्था सुगम बनाने मंदिर में पहली बार प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग मार्ग बनाए जाएंगा। मंदिर सेवा समिति के सभी सदस्य मेला अवधि में तीन दिनों तक लगातार पेयजल, साफ-सफाई और भीड़ नियंत्रण को लेकर कार सेवा देंगे। कानून-व्यवस्था बनाए रखने समिति पुलिस अधीक्षक से भेंटकर अतिरिक्त पुलिस बल की मांग करेगा।



### भीड़ की संभावना को लेकर किया फैसला

बैठक में धार्मिक मर्यादा का ध्यान रखते हुए रथयात्रा के दौरान मंदिर के आसपास शराब दुकान और मांस मछली विक्रय केंद्रों को बंद रखने जिला प्रशासन से निवेदन का निर्णय लिया गया वही श्रद्धालुओं की किसी भी आपात सहायता के लिए तीन दिनों तक दो हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा, ताकि कॉल मिलते ही समिति सदस्य लोकेशन ट्रेस कर मदद के लिए पहुंच जाए। इसके अलावा मेले के दौरान समिति के पुरुष सदस्य पीले कुर्ता और महिला सदस्य पीली साड़ी में रहेंगी ताकि श्रद्धालु आसानी से उन्हें पहचान कर किसी भी दुविधा से निजात पा सकें। समिति का अनुमान है कि इस बार बीते साल की तुलना में दुगुने श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए पहुंचेंगे। गौरतलब है कि रथयात्रा के दिन भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र रथ मे सवार होकर श्रद्धालुओं को दर्शन देते है, लेकिन रियासत काल में संस्कारधानी राजनांदगॉव की राजधानी रहे पांडादाह में भगवान जगन्नाथ श्रत्रालुओं के कांधो में निकलते है और मंदिर परिक्रमा कर दर्शन लाभ देते है।

# आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय : डॉ. किरण बघेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संविधान हत्या दिवस पर जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. किरण बघेल ने 1975 में लगाए गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन सरकार द्वारा देश में आपातकाल लागू किया गया था, जिसने लोकतांत्रिक व्यवस्था को गहरी चोट पहुंचाई।

उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया गया और प्रेस की स्वतंत्रता पर कड़ा से कड़ा प्रतिबंध लगाया गया। उस समय नागरिकों के मौलिक अधिकारों को भी सीमित कर दिया गया था, जिससे आम जनता को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान हजारों राजनीतिक कार्यकर्ताओं और लोकतंत्र सेनानियों को जेल में डाल दिया गया था। विरोध की आवाजों को दबाने का हरसंभव प्रयास किया गया जिससे लोकतंत्र की मूल भावना प्रभावित हुई। यह दौर भारतीय इतिहास में एक चेतावनी के रूप में याद किया जाता है।

### कालखंड को जानना युवाओं को जरूरी

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ किरण बघेल ने कहा कि संविधान हत्या दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को उस कालखंड की सच्चाई से अवगत कराना और उन्हें लोकतंत्र की रक्षा के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को यह समझना जरूरी है कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा कितनी महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र की बहाली के लिए संघर्ष करने वाले सभी लोकतंत्र सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि उनके त्याग और बलिदान के कारण ही आज देश में लोकतंत्र मजबूत स्थिति में है। उन्होंने सभी नागरिकों से संविधान की मर्यादा बनाए रखने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त करने का आह्वान किया। इस दौरान जिला भाजपा महामंत्री नवनीत जैन, सरिता यादव, अनिल अग्रवाल, प्रीति यादव, विनय देवांगन, राजू जंघेल, कीर्ति वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निकासी के लिए पर्याप्त रखें ढाल

**राजनांदगांव।** शहर की ड्रेन व्यवस्था सुचारू रूप से चले एवं बारिश में पानी भरान व अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो यह सुनिश्चित करने नगर निगम द्वारा बरसात के पूर्व शहर के बड़े एवं प्रमुख नालों व पानी भरान स्थल की सफाई युद्ध स्तर पर कराई गई। वर्तमान में दूसरे चरण की सफाई जारी है।

बुधवार को नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सुबह सफाई व्यवस्था देखने की कड़ी में शहर में चल रहे नाली-नालों की सफाई का निरीक्षण कर पानी भरान क्षेत्रों में साफ-सफाई कर पानी निस्तारी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए, ताकि बारिश का पानी वार्डों में न भरे।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा सुबह शहर के इंदिरा नगर, गंज चौक, गोल बाजार में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर इंदिरा नगर एवं गंज चौक में चल रहे नाला सफाई देख कहा कि नाला के निचले स्तर से कचरा निकाले, नाली में लगे जाली निकालने कहा, ताकि पानी का सुचारू बहाव हो। उन्होंने कहा कि सभी नालों की अच्छे से सफाई की जाए। उन्होंने कहा कि पानी भरान क्षेत्र के नाली-नालों की भी अच्छी तरीके से सफाई की जाए। नाला सफाई में आ रही बाधा को भी दूर कर सफाई करें, ताकि उस क्षेत्र में बारिश का पानी न भरे।

### प्रतिदिन सफाई के निर्देश

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने गोल बाजार का निरीक्षण कर बाजार क्षेत्र के नाली की प्रतिदिन सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सब्जी पसरा वालों को नाली में कचरा न डालने, गंदगी न फैलाने समझाईस दें। उन्होंने बाजार के आकाक्षी शौचालय को जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार तुलसीपुर में निर्माणाधीन नाली का जायजा लेकर काम में तेजी लाकर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नाली निर्माण में ढलान का विशेष ध्यान रखा जाए। जिससे पानी की पर्याप्त निकासी हो सके। उन्होंने स्वच्छता निरीक्षक से कहा कि बारिश के पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी क्षेत्र में बारिश का पानी न भरे, इसके लिए अभी से चिन्हांकित कर सफाई कराना सुनिश्चित करें।

# सहकारिता और उद्योग स्थायी समिति की बैठक 1 को



**राजनांदगांव।** सहकारिता और उद्योग स्थायी समिति जिला पंचायत राजनांदगांव की बैठक 1 जुलाई को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सदस्यों को उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# जीवन दीप समिति के औचित्य पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- एक साल से नहीं हुई बैठक, अधिकारी मर्जी से कर रहे खर्च

अस्पताल के संचालन और व्यवस्थापन के लिए एक साल पहले जीवन दीप समिति का पुनर्गठन किया गया है किन्तु अब तक समिति की एक भी बैठक नहीं हुई हैं।

भाजपा और कांग्रेस में तालमेल की कमी और चिकित्सा अधिकारी के रवैये के कारण न तो बैठक हो रही है और न कोई कार्य हो रहा है। एसडीएम की उपस्थिति में बैठक कर चिकित्सा अधिकारी व्यवस्था का संचालन कर रही है। समिति की राशि का मनमाने तरीके से खर्च किया जा रहा है। भाजपा के पदाधिकारियों ने चिकित्सा अधिकारी की शिकायत कर हटाने की मांग की है। भाजपा नेता सुरेन्द्र सिंग बन्नेआना ने बताया कि समिति का गठन 14 अगस्त 2025 को हुआ है किंतु अब तक एक भी बैठक नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे स्वास्थ्य विभाग का संचालन चिकित्सा अधिकारी अपने मुताबिक कर रही है।

### चंदा से बैठक व्यवस्था

अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों के बैठने के लिए व्यवस्था नहीं होने के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने चंदा कर व्यवस्था किया है। बताया जाता है कि अस्पताल का स्टाफ डयुटी टाईम में नदारद रहता है। चिकित्सा अधिकारी मुख्यालय में रहने के बावजुद स्वास्थ्य केन्द्र समय पर नही पहुंचती और न प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के दौरा करती है।

### कुछ भी करने से इंकार

इस मामले में जिला चिकित्सा अधिकारी नेतराम नवरत्न ने इस मामले को स्थानीय अधिकारी का मामला बताते हुए कुछ भी करने से इंकार कर दिया। अनियमितता पर कहा कि शिकायत मिलने के कार्रवाई की जाएगी।

# अशोका आईटीआई के छात्रों ने किया योगाभ्यास

**राजनांदगांव।** अशोका आईटीआई के छात्रों तथा प्रशिक्षकों द्वारा विश्व योग दिवस पर स्थानीय क्षेत्रीय संयोजित केंद्र परिसर ठाकुरटोला में संयुक्त योगाभ्यास किया गया। सुबह 9.30 बजे आयोजित उक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षित योग गुरुओं द्वारा विभिन्न योग आसनों का अभ्यास करवाया गया। विदित हो कि क्षेत्रीय संयोजित केंद्र द्वारा आयोजित योग दिवस पर अशोका आईटीआई के अतिरिक्त सोमनी शासकीय विद्यालय, श्रीराम कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी योगाभ्यास किया। अशोका आईटीआई में संचालित विभिन्न ट्रेडों कोपा, इलेक्ट्रीशियन तथा स्टेनो के विद्यार्थियों तथा प्रशिक्षकों ने नियमित योग करने की शपथ ली तथा जीवन में योग की अनिवार्यता तथा महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया।



# जैविक कृषि कार्यशाला और तिलहन मेला, किसानों की आय बढ़ाने मंथन

- वैज्ञानिक खेती की तकनीकों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कृषि विभाग व कृषि महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में जैविक कृषि कार्यशाला सह जिलास्तरीय तिलहन मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से आए किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने सहभागिता कर जैविक व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के साथ तिलहन उत्पादन में वृद्धि के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ बाद कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, प्राकृतिक कृषि, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, तिलहन फसलों की उन्नत किस्मों एवं वैज्ञानिक खेती की तकनीकों की जानकारी दी। विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की समृद्धि व कृषि विकास के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जैविक व प्राकृतिक खेती की आवश्यकता पहले से अधिक बढ़ गई है। रसायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है जबकि जैविक खेती भूमि की गुणवत्ता को संरक्षित रखने में सहायक है। उन्होंने किसानों से शासन की योजनाओं का लाभ लेने तथा कृषि में नवीन तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया। विधायक ने कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी तो प्रदेश और देश दोनों सशक्त होंगे।

जिपं अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार ने कहा कि कृषि केवल उत्पादन का माध्यम नहीं बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। उन्होंने कहा कि किसानों को बाजार की मांग के अनुरूप फसलों का चयन करना चाहिए और जैविक खेती के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण उत्पादन पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने महिलाओं व स्व-सहायता समूहों की कृषि आधारित गतिविधियों में बढ़ती भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण विकास में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि कृषि क्षेत्र में नवाचार और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना समय की मांग है। उन्होंने किसानों से परंपरागत ज्ञान के साथ आधुनिक कृषि तकनीकों का समंवय करने का आग्रह किया। श्री सिंह ने कहा कि जैविक खेती न केवल किसानों की लागत कम करती है बल्कि पर्यावरण संरक्षण और मानव स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। उन्होंने तिलहन उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और देश की खाद्य तेल आवश्यकताओं की पूर्ति में भी सहयोग मिलेगा।



### किसानों को दी जा रही सहायता

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि जिला प्रशासन किसानों को कृषि संबंधी सभी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। कृषि विभाग किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण व उन्नत बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होने किसानों से जल संरक्षण, मृदा संरक्षण तथा फसल विविधीकरण को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीकों के उपयोग से कृषि को अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिले में जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को सहायता प्रदान की जा रही है। कृषि विभाग, कृषि महाविद्यालय सहित अन्य संबंधित संस्थाओं द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉल किसानों के आकर्षण का केंद्र रहे। किसानों ने कृषि विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर खेती से जुड़ी समस्याओं एवं संभावनाओं पर चर्चा की तथा नवीन तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल बीज व कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष पुष्पा प्रकाश वर्मा, जनपद अध्यक्ष राजेश्री शैलेन्द्र त्रिपाठी, नपा अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, नपं गंडई अध्यक्ष लाल टारकेश्वर साहू खुसरो, जिला व जनपद पंचायत सदस्य, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, कृषि वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### कुलपति ने संगीत-चिकित्सा सत्र में दी जानकारी

# उपजेल सलोनी में गूंजी राग की स्वर लहरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारतीय संगीत परंपरा में संगीत को आत्मशुद्धि, मानसिक संतुलन और आंतरिक चेतना के जागरण का सशक्त माध्यम माना गया है। इसी विचार को मूर्त रूप देते हुए राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विवि कुलपति प्रोडॉ लवली शर्मा ने उपजेल में बंद बंदियों के लिए विशेष संगीत चिकित्सा सत्र का आयोजन किया।

जेल परिसर को आध्यात्मिक और चिंतनशील वातावरण में उनके सितार वादन ने गहरे स्तर पर प्रभावित किया। संगीत की मधुर स्वरलहरियों के बीच बंदी पूरे मनोयोग से प्रस्तुति का आनंद लेते रहे। शांति, प्रसन्नता और भावनात्मक संतुलन के भाव लिए कुछ समय तक बंदी अपनी परिस्थितियों से ऊपर उठकर सकारात्मकता और आत्मिक आनंद की अनुभूति से जुड़ते नजर आए। तबला वादक अवध सिंह ने तबले पर संगत किया। सितार और तबले की उत्कृष्ट जुगलबंदी बाद कुलपति प्रोडॉ लवली शर्मा ने संगीत-चिकित्सा के क्षेत्र में अपने दीर्घकालिक शोध अनुभवों को भी साझा किया।



### मन के उपचार का सशक्त माध्यम है संगीत

कारागार में बंद कैदियों व बंदियों पर संगीत के प्रभाव के विस्तृत अध्ययन और शोध की जानकारी देते हुए कुलपति ने कहा कि संगीत किस प्रकार कैदियों की मानसिक स्थिति, भावनात्मक प्रतिक्रियाओं, तनाव, व्यवहार व सकारात्मक सोच को प्रभावित करता है। शोध के निष्कर्षों से यह स्पष्ट हुआ कि संगीत व्यक्ति के भीतर संचित तनाव और नकारात्मक भावनाओं को कम करने, आत्मचिंतन को प्रोत्साहित करने, मानसिक शांति और भावनात्मक संतुलन स्थापित करने में प्रभावी भूमिका निभाता है। संगीत-चिकित्सा केवल एक कलात्मक गतिविधि नहीं बल्कि मानव मन के पुनर्संयोजन और व्यक्तित्व के सकारात्मक पुनर्निर्माण की एक सशक्त प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि कारागार जैसे संवेदनशील परिवेश में संगीत व्यक्तियों के भीतर संवेदनशीलता, आत्मबोध और सकारात्मक परिवर्तन की संभावनाओं को जागृत करने का प्रभावी माध्यम बन सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कला और संगीत में ऐसी परिवर्तनकारी शक्ति निहित है, जो व्यक्ति के अंतर्मन को स्पर्श कर उसके दृष्टिकोण, भावनात्मक स्थिति और जीवन के प्रति सोच में सकारात्मक बदलाव ला सकती है। कारागार सुधार और मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुलपति प्रोडॉ लवली शर्मा का यह प्रयास भविष्य में संगीत-चिकित्सा को पुनर्वास एवं सामाजिक पुनर्संरचना के प्रभावी माध्यम के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता हैं और यह सिद्ध करता है कि संगीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि मानव मन के उपचार, संवेदनात्मक पुनर्जागरण और सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन की सार्वभौमिक, सशक्त भाषा है।

## सार समाचार

### पारागांवखुर्द में धूमधाम से मना प्रवेश उत्सव

**राजनांदगांव।** शा.उ.मा. शाला पारागांवखुर्द में शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर उत्साहपूर्ण वातावरण में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को गणवेश, निःशुल्क पाठ्य



पुस्तकें और साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में डोंगरगढ़ जनपद सदस्य सीमा ओमप्रकाश साहू मुख्य अतिथि व अध्यक्षता प्राचार्य आरएन प्रजापति द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि पारागांवखुर्द सरपंच कमलेश्वर वर्मा, ओमप्रकाश साहू एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी) अध्यक्ष पुकेश्वर वर्मा शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि सीमा ओमप्रकाश साहू ने कहा कि शिक्षा ही प्रगति का एकमात्र मार्ग है। शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर बच्चों को पूरी लगन के साथ अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अध्यक्षता करते आरएन प्रजापति ने बच्चों को अनुशासित रहकर निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। एसएमडीसी अध्यक्ष पुकेश्वर वर्मा ने कहा कि समिति विद्यालय के विकास और बच्चों की मूलभूत सुविधाओं के लिए सदैव तत्पर है। सरपंच कमलेश्वर वर्मा एवं वरिष्ठ व्याख्याता लेखराम साहू बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार जंघेल द्वारा किया गया।

### दिग्विजय कॉलेज का प्रथम प्रवेश सूची जारी



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में स्नातक स्तर के बीए, बी. कॉम, बीएससी (बायो/गणित), बीसीए, प्रथम वर्ष (प्रथम सेमेस्टर) में ऑनलाइन पद्धति से प्रवेश फार्म भरने हेतु महाविद्यालय के वेबसाइट के माध्यम से 20 जून 2026 तक निर्धारित की गई थी। महाविद्यालय में ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों के आधार पर 23 जून को सभी संकायों के प्रथम प्रवेश सूची जारी किए गए हैं। जिसके अनुसार बीए प्रथम वर्ष में कट ऑफ अनारक्षित वर्ग में 73.2, अपिव में 68.8 तथा अजा. में 57 तथा अजजा में 55 प्रतिशत तक गई है। बी.कॉम. प्रथम वर्ष में कट ऑफ अनारक्षित वर्ग में 76.4, अपिव में 72.8 तथा अजा. में 54.6 प्रतिशत तक गई है। बीएससी गणित प्रथम वर्ष में कट ऑफ अनारक्षित वर्ग में 78.04, अपिव में 76 प्रतिशत, अजजा में 50.6 तथा अजा. में 58.8 तक गई है। बीएससी बायो प्रथम वर्ष में कट ऑफ अनारक्षित वर्ग में 80, अपिव में 76.6 प्रतिशत, अजा 69 एवं अजजा 67.2 प्रतिशत तक गई है एवं बीसीए प्रथम वर्ष में कट ऑफ अनारक्षित वर्ग में 76.8, अपिव में 75, अजजा में 54.6 तथा अजा. में 58 प्रतिशत तक गई है। जिसका अवलोकन महाविद्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकता है।

### कनेरी में उपनयन संस्कार आयोजित

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी एवं अभिषेक चौबे व दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि



वैष्णव परंपरा अनुसार श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर गुरुकुल कनेरी स्थिति जिला बालोद छत्तीसगढ़ में उपनयन संस्कार यज्ञोपवीत का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें बटुक संस्कार यज्ञोपवीत किया गया। प्रधान आचार्य डॉ. तोय निधि दास वैष्णव वैष्णव रायपुर, आचार्य श्री खिलेनद. दास वैष्णव कांशी एवं आचार्य रोशन दास वैष्णव राजिम बिलासपुर के मार्गदर्शन में उपनयन संस्कार यज्ञोपवीत धारण कर पूर्ण हुआ। उक्त जानकारी अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, आकाश शर्मा एवं तारक निर्मोही ने दी।

### चक्रधर कत्थक कल्याण केंद्र में परिचर्चा आयोजित

**राजनांदगांव।** विश्व संगीत दिवस पर चक्रधर कत्थक कल्याण केंद्र राजनांदगांव के सभागृह में परिचर्चा का आयोजन हुआ। स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक राजकुमार शर्मा द्वारा शास्त्रीय संगीत पर आधारित



मां सरस्वती वंदना किया गया। संस्था के संचालक डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा ने आयोजन को शहर का प्रथम आयोजन बताते कहा कि योग मनुष्य के शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है। आयकर अधिवक्ता राकेश ठाकुर ने इस अवसर पर फिल्म संगीत पर आधारित कुछ महत्वपूर्ण फिल्मी गानों का उदाहरण देते कहा कि पहले के गाने शास्त्रीय संगीत पर आधारित होने से ठहराव था। आज-कल के गानों में नहीं है, जो कुछ समय पश्चात विलुप्त हो जाता है। उपभोक्ता प्रतितोषण आयोग सदस्य डॉ. आनंद वर्गिस ने कहा कि संगीत मानव जीवन के सुख-दुख का साथी है। भारतीय फिल्म संगीत में बंगाल व दक्षिण भारतीय संगीत का विशेष योगदान रहा है। अमलेन्दु हाजरा ने संचालन करते कहा कि संगीत क्रोध, विवाद और परस्पर वैमनस्यता को समाप्त करती है। लोक कलाकार सुनील बांसोड़ ने शास्त्रीय संगीत की शिक्षा को मूल आधार बताया। कार्यक्रम के अंत में संस्कार ठाकुर ने उपस्थित सरस्वती पुत्र प्रबुद्धजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी संस्था के तुषार सिन्हा ने दी।

### फ्लाई ओवर के नीचे होटल-ठेला में गंदगी, जुर्माना

**राजनांदगांव।** प्रतिदिन सफाई निरीक्षण की कड़ी में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सोमवार को जीई रोड फ्लाई ओवर के नीचे साफ-



सफाई का जायजा लेकर गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने के स्वास्थ्य अमला को निर्देश दिए।

नगर निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा सफाई निरीक्षण में भगत सिंह चौक फ्लाई ओवर के नीचे सफाई का जायजा लेकर उन्होंने होटल एवं ठेला के आसपास साफ-सफाई रखने, कचरा फैलाने वालों पर कार्रवाई कर जुर्माना लगाने स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव को निर्देशित किया। उन्होंने होटल एवं ठेला के पास गंदगी देख नाराजगी व्यक्त करते संबंधित से कहा कि अतिक्रमण कर व्यवसाय न करें और साफ-सफाई रखे अन्यथा जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। साफ-सफाई के अभाव में संबंधित से जुर्माना वसूलने के निर्देश दिए। निर्देश के अनुक्रम में सूरज चाय ठेला से 5 सौ रुपए, केजीएन पान सेंटर एवं सिन्हा चाय ठेला से 2-2 सौ रुपए जुर्माना वसूला गया। आयुक्त ने आसपास के लोगों को साफ-सफाई रखने, अतिक्रमण नहीं करने समझाईस दिया।

# नपा की नोटिस के बाद भी रसूखदारों ने बंद नहीं किया निर्माण काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले की सबसे चर्चित विवादित एडवर्ड पार्क पर जिला प्रशासन और नगर पालिका के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जांच पूरी होने तक यथास्थिति बनाए रखने और निर्माण कार्य रोकने का निर्देश दिया जा चुका हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि विवादित भूमि पर निर्माण कार्य लगातार जारी है।

भवनों की दीवारें उठ रही हैं, निर्माण सामग्री पहुंच रही है और मजदूर सुबह से देर शाम तक रोज काम करते नजर आ रहे हैं। प्रशासन ने कागजों में नोटिस जारी कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली, लेकिन उसके बाद आदेश का पालन हुआ या नहीं, इसकी निगरानी करने वाला कोई दिखाई नहीं दे रहा। सवाल यह है कि यदि निर्माण कार्य पर रोक लगाई गई थी तो फिर निर्माण सामग्री कैसे पहुंच रही है और निर्माण कार्य किसकी अनुमति से जारी है, इससे यह धारणा मजबूत हो रही है कि आदेश केवल फाइलों तक सीमित होकर रह गया है।

#### अफसरों की आवाजाही रही, फिर भी निर्माण

सबसे हैरानी की बात यह है कि जिस मार्ग पर विवादित भूमि स्थित है, उसी रास्ते से जिला प्रशासन, राजस्व विभाग और नगर पालिका के अधिकारियों का नियमित आवागमन होता है। अधिकारियों की गाड़ियां प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरती हैं, लेकिन निर्माण कार्य को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है, यह बड़ा सवाल बन गया है। शहर में लोग पूछ रहे हैं कि जो निर्माण आम नागरिकों को साफ दिखाई दे रहा है, वह प्रशासन को क्यों नहीं दिख रहा?



#### कार्रवाई की जाएगी

काम बंद कर यथास्थिति बनाए रखने नोटिस चस्पा होने के बाद भी यदि निर्माण कार्य जारी है तो संबंधित की सामग्री जब्त की एनओसी निरस्त करने की कारवाई की जाएगी। **पुनीत वर्मा, सीएमओ**

#### रसूखदारों पर नरमी क्यों

खैरागढ़ में ठेला, गुमटी और छोटे अतिक्रमणों पर कार्रवाई के लिए प्रशासन अक्सर पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरता है। कई बार गरीबों की रोजी-रोटी तक उजाड़ दी जाती है, लेकिन जब मामला करोड़ों की विवादित भूमि और रसूखदार लोगों के निर्माण कार्य का आता है तो प्रशासन की सख्ती अचानक नरम पड़ जाती है। यही दुहरा मापदंड अब लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। वही शहर में यह सवाल तेजी से उठ रहा है कि जब भूमि विवाद जांच के दायरे में है और यथास्थिति बनाए रखने का आदेश प्रभावी है, तो फिर निर्माण कार्य किसके संरक्षण में जारी है, यदि आदेश का उल्लंघन हो रहा है तो जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही और यदि कोई उल्लंघन नहीं हो रहा तो फिर जारी निर्माण कार्य को लेकर प्रशासन स्थिति स्पष्ट क्यों नहीं कर रहा।

## पुलिस ने कार्यशाला आयोजित कर दिए कई टिप्स

# रेंज में महिला अपराधों की जांच में दक्षता बढ़ाने होगी पहल: आईजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की विवेचना में गुणवत्ता सुधार तथा प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव बालाजी राव द्वारा रेंज के महिला विवेचकों एवं कर्मचारियों हेतु एक कार्यशाला का आयोजन मंगल भवन पुलिस लाइन में किया गया।

कार्यशाला में जिले के विभिन्न थाना एवं इकाइयों में पदस्थ महिला विवेचकों को महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध घटित अपराधों से संबंधित प्रकरणों की विवेचना में अपनाई जाने वाली विधिक प्रक्रियाओं, साक्ष्य संकलन, पीड़िता के प्रति संवेदनशील व्यवहार, चिकित्सकीय एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के महत्व तथा न्यायालयीन प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम पाक्सो के महत्वपूर्ण प्रावधानों पर प्रकाश डालते विवेचना में होने वाली सामान्य त्रुटियों एवं उनके निराकरण के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही विवेचकों को प्रकरणों की गुणवत्तापूर्ण विवेचना कर दोषियों के विरुद्ध प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।



#### व्यवहारिक समस्याओं पर चर्चा

कार्यशाला के दौरान प्रकरणों से संबंधित जिज्ञासाओं पर चर्चा की गई। जिनका विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा समाधान किया गया। आईजी ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते ऐसे प्रकरणों में संवेदनशील, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचना सुनिश्चित करने पर बल दिया। प्रशिक्षण में परवेज अख्तर अधिवक्ता व गौरी चक्रवर्ती अधिवक्ता द्वारा महिला व और बच्चों से संबंधित अपराध एवं पोक्सो एक्ट की विवेचना के संबध में बताया। उपनिरीक्षक डॉ. संकल्प राय दुर्ग द्वारा महिला व बच्चों पर घटित साइबर अपराध के बारे में जानकारी देते बचाव के उपाय बताए।

#### महत्वपूर्ण विषयों पर दी जानकारी

कार्यक्रम के समापन अवसर पर बालाजी राव पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज द्वारा ह्युमन ट्रैफिकिंग पर सारगर्भित जानकारी प्रदान दी गई। कार्यक्रम में कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज से उप पुलिस अधीक्षक नवी मोनिका पांडे, एसडीओपी डोंगरगांव मंजूलता बाज, एसडीओपी खैरागढ़ आशारानी, उप पुलिस अधीक्षक मोहला नेहा पवार सहित राजनांदगांव रेंज के चारों जिलों से 4 उपनिरीक्षक, 6 सहायक उप निरीक्षक, 12 प्रधान आरक्षक और 60 महिला आरक्षक कुल 85 महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कार्यशाला में अपनी सहभागिता दी।

# खाद के अवैध भंडारण पर कार्रवाई, 312 बोरी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

खरीफ मौसम 2026 के मद्देनजर उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी निरीक्षकों की संयुक्त टीम द्वारा जिले में खाद, बीज विक्रय केंद्रों तथा संभावित अवैध भंडारण स्थलों का लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में कृषि विभाग ने अवैध खाद भंडारण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 313 बोरी उर्वरक जब्त किए हैं।

विकासखंड छुईखदान के ग्राम अचानकपुर (पैलीमेटा) में व्यवसायी अनिल साहू के गोदाम का निरीक्षण करने पर बिना वैध दस्तावेजों के 94 बोरी उर्वरक का भंडारण पाया गया। प्रारंभिक जांच में यह भंडारण उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों के विपरीत पाया गया। विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संपूर्ण स्टॉक जब्त कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया।



इसी प्रकार विकासखंड खैरागढ़ के ग्राम गाडाघाट स्थित साहू किराना स्टोर में बिना अनुज्ञप्ति के यूरिया विक्रय किए जाने की सूचना पर संबंधित प्रोपराइटर नानक दास साहू के गर्रापार स्थित गोदाम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में बिना वैध दस्तावेजों के 58 बोरी डीएपी तथा 72 बोरी यूरिया सहित कुल 219 बोरी उर्वरक का अवैध भंडारण पाया गया। मौके पर व्यवसायी द्वारा बिल एवं उर्वरक खरीदी संबंधी स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। इसके बाद गोदाम में उपलब्ध समस्त उर्वरकों को जब्त कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

#### अधिकृत विक्रेताओं से खरीदे

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही खाद, बीज एवं कीटनाशक खरीदें तथा खरीदारी का पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें। विभाग ने कहा है कि कालाबाजारी, मुनाफाखोरी, अवैध भंडारण अथवा नकली खाद से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल अधिकारियों को दें, ताकि समय पर कार्रवाई कर किसानों के हितों की रक्षा की जा सकें।

# चाकूबाजी का फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के शंकरपुर क्षेत्र में विगत दिवस हुए चाकूबाजी की घटना के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र में 14 अप्रैल को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी अपने दोस्त के साथ चिखली से शंकरपुर जा रहा था कि बजरंग चौक झरना के पास आरोपी अमन डोंगरे, विधि से संघर्षरत बालक तथा अंकित वासनिक के साथ पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज कर जान से मारने की नीयत से लकड़ी के डंडा एवं चाकू से मारपीट कर प्रार्थी के दोस्त को चाकू से वारकर घायल कर दिया कि रिपोर्ट पर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। इस मामले में आरोपी अमन डोंगरे उर्फ अमन डोरे एवं विधि से संघर्षरत बालक को विधिवत गिरफ्तार जेल दाखिल किया गया एवं विधि से संघर्षत बालक



को संरक्षणात्मक अभिरक्षा में भेजा गया था।

पुलिस ने तत्काल शांतिनगर क्षेत्र में दबिश देकर चारो तरफ से घेराबंदी कर आरोपी अंकित वासनिक 20 साल को उसके सकुनत से हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार करने पर मेमोरेंडम कथन लेख किया गया तथा आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त एक स्टील का चाकू को बरामद कराने पर विधिवत कार्रवाई कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल निरूद्ध किया गया।

# अटल आवास दिलाने के नाम पर ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम का कर्मचारी बनकर अटल आवास एवं हाउसिंग बोर्ड में मकान दिलाने के नाम पर 8.17 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ईशनिवय सिंह परिहार द्वारा थाना बसंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि माह दिसंबर 2024 में वह अपने मित्र प्रकाश कौशिक के साथ अटल आवास, हाउसिंग बोर्ड योजना के अंतर्गत मकान प्राप्त करने संबंधी जानकारी लेने नगर निगम राजनांदगांव गए थे। इस दौरान उनकी मुलाकात योगेश्वर पांडे नामक व्यक्ति से हुई, जिसने स्वयं को नगर निगम राजनांदगांव का बाबू बताते अटल आवास एवं हाउसिंग बोर्ड में मकान दिलाने का भरोसा दिलाया।



#### योजना का लाभ दिलाने झांसा

आरोपी ने स्वयं की अधिकारियों एवं नेताओं से अच्छी पहचान होना बताते प्रार्थी एवं अन्य लोगों को विश्वास में लिया तथा निर्माणाधीन मकानों का निरीक्षण कराकर उन्हें योजना का लाभ दिलाने का झांसा दिया। इस प्रकार आरोपी ने कई लोगों से कुल 8,17,000 रुपए प्राप्त कर धोखाधड़ी की। थाना बसंतपुर में धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में टीम द्वारा लगातार पतासाजी एवं संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी योगेश्वर पांडे उर्फ सोनू पांडे को रायपुर से हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।



### भाजपा जिला कार्यालय में आपातकाल की 51वीं वर्षगांठ पर प्रेस वार्ता आयोजित

# आपातकाल लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला, युवा पीढ़ी को सच्चाई जानना जरूरी : देवलाल ठाकुर

- भाजपा की प्रेस वार्ता में कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा- सत्ता बचाने के लिए लोकतांत्रिक अधिकारों का किया गया था दमन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में बुधवार को देश के लोकतांत्रिक इतिहास के काले अध्याय माने जाने वाले आपातकाल की 51वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने संबोधित करते हुए आपातकाल के दौरान हुए घटनाक्रमों को याद किया और कांग्रेस पर लोकतांत्रिक मूल्यों के दमन का आरोप लगाया। प्रदेश प्रवक्ता श्री ठाकुर ने कहा कि वर्ष 1975 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला था। उस दौर में संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया।

प्रेस की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया। हजारों पत्रकारों को जेल में डाला गया। लाखों लोकतंत्र सेनानियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विपक्षी नेताओं को जेलों में डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को यह जानना और समझना आवश्यक है कि किस प्रकार सत्ता बचाने के लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक परिवार केंद्रित पार्टी बनकर रह गई है।

जिसका राष्ट्रहित से कोई सरोकार नहीं है। कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता केवल एक परिवार के हितों के लिए कार्य करते हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश-विदेश में घूमकर लोकतंत्र के खतरे में होने की बात करते हैं, जबकि उनके पूर्वजों के शासनकाल में ही देश ने आपातकाल जैसी त्रासदी झेली थी। उस समय लाखों लोगों को बिना किसी अपराध के जेलों में बंद किया गया, नागरिक स्वतंत्रताओं का हनन हुआ और जनता ने अनेक यातनाएं सही थीं। उन्होंने कहा कि वास्तव में लोकतंत्र पर खतरा तब आया था, न कि आज।

#### लोकतंत्र सेनानियों के योगदान को स्मरण प्रेरणास्त्रोत बताया




भाजपा नेताओं ने कहा कि पार्टी देशभर में आपातकाल की 51वीं वर्षगांठ को संविधान हत्या दिवस के रूप में मना रही है, ताकि नई पीढ़ी को लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए गए संघर्षों और बलिदानों से अवगत कराया जा सके। लोकतंत्र सेनानियों के योगदान को स्मरण करते हुए भाजपा ने उनके संघर्षों को राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत बताया। प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर सिंह बग्गा, जिला उपाध्यक्ष परेटन वर्मा, कृष्ण कुमार वैष्णव, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर चंद्राकर, जिला कोषाध्यक्ष विक्की अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी मोहन कश्यप व राजू श्रीवास्तव सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कोलेगांव में ग्राम सभा में चढ़ बढ़कर हिस्सा लिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव में आज आवास के नाम पर विशेष ग्राम सभा आयोजित किया गया था जिसमें सुबह से 10:00 से पुरुष एवं महिलाओं में काफी उत्साह नजर आए इस ग्राम सभा को लेकर जिसमें 384 आवास का नया नाम नया आया है।

इसके बारे में विशेष चर्चा ग्राम सभा में चर्चा किया गया और साथ-साथ अनेक मुद्दों पर भी चर्चा किया गया जिसमें आए हुए 384 आवास की सूची पर गांव वालों के द्वारा सर्वसम्मति से सभी नाम को प्रस्तावित करने का निर्णय लिया गया एक स्वर अब देखने वाली बात है की 384 नया आवास के सूची में किसका नाम आ रहा है यहां ग्राम सभा में सभी को पात्र कर पंचायत द्वारा प्रस्ताव किया गया है। ग्राम पंचायत कोलेगांव के ग्राम सभा में पुरुष एवं महिलाओं ने चढ़-बढ़कर हिस्सा लिया एवं नाम लिस्ट देखकर काफी उत्सव नजर आए। शासन प्रशासन की विशेष ग्राम सभा में दिनेश पाण्डेय ने अपना बात रखा कि जितना भी नाम प्रस्तावित होगा उसका नाम सील मोहर सहित पंचायत में सार्वजनिक रूप से चिपकाना चाहिए जो आज ग्राम सभा में प्रस्तावित हुआ है पात्र के नाम इस विशेष ग्राम सभा में ग्राम पंचायत सरपंच सुरेश धुर्वे, उप सरपंच विनय शर्मा, दिनेश पाण्डेय, पवन शर्मा,परमेश्वर साहू, महाजन चौहान, पंचायत सचिव रोजगार सहायक सचिव रामेश्वर साहू,पंचगढ़ रामसहाए साहू, जगतु साहू, टिंकू गोस्वामी, कमोद साहू, मनोज साहू, नारायण साहू, ओम प्रकाश यादव, दुर्गेश साहू एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

महिलाओं में सर्वाधिक जानलेवा कैंसरों में शामिल सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए कबीरधाम जिले में कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन लगाई जा रही है।

अब तक जिले की 1158 बालिकाएं इस सुरक्षा कवच से जुड़ चुकी हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुरे ने बताया कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है और भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करता है। गौरतलब है कि जिला चिकित्सालय में 16 मार्च 2026 से शुरू हुआ यह अभियान के तहत जिला अस्पताल सहित सभी छह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में किया जा रहा है, जहां कोल्ड चेन प्वाइंट उपलब्ध हैं।

प्रतिदिन रविवार एवं शासकीय अवकाश को छोड़कर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक टीकाकरण किया जा रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सलिल मिश्रा ने बताया कि 14 वर्ष से अधिक एवं 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन की एकल डोज (0.5 एमएल) लगाई जा रही है। यह टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए अत्यंत प्रभावी माना जाता है। टीकाकरण से पहले बालिका की आयु का सत्यापन आधार कार्ड अथवा जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर किया जा रहा है तथा अभिभावकों की सहमति भी ली जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ डीके तुरे ने बताया कि टीकाकरण के दौरान बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को सर्वाइकल कैंसर और एचपीवी संक्रमण के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। वैक्सीन बांयी ऊपरी बांह में लगाई जाती है और टीकाकरण के बाद हितग्राही को आधा घंटा स्वास्थ्य केंद्र में रुकना अनिवार्य है।

इसके पश्चात टीकाकरण कार्ड भी प्रदान किया जाता है। जिले में अब तक 1158 बालिकाओं का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अब तक किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई है, यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है।




#### शासन से मुफ्त में हो रहा टीकाकरण

डॉ तुरे ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बेटियों का समय पर एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं। उन्होंने बताया कि निजी अस्पतालों में यही टीका 4 से 6 हजार रुपये तक की लागत में उपलब्ध है, जबकि शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में इसे पूरी तरह निःशुल्क लगाया जा रहा है।

# मिडिल स्कूल पोलमी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

शासकीय मिडिल स्कूल पोलमी में आज शाला प्रवेशोत्सव उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। वही कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर अतिथियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया।

अतिथियों ने विद्यार्थियों को आर्शीवचन देते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि मधुर सिंह, रामनाथ करायत, नानुक लाल गढ़ेवाल, विजय गढ़ेवाल, कालीचरण शिव, अंगदराम शिव, सरवन कुरचाम, प्रधान पाठक राजेन्द्र नेताम, समन्वयक अशोक पाण्डेय, शिक्षक राकेश सोनी, द्वारिका चंद्रवंशी, महेश उइके एवं पुनमचंद ठाकुर सहित ग्रामवासी, अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के संकल्प के साथ किया गया।

### खबर संक्षेप

#### श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुण्यतिथि मनाया गया

**कुण्डा।** शक्ति केंद्र सुकली गोविंद के ग्राम लोखान के बूथ क्रमांक 183 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में ग्रामीण जनों के साथ मनाया गया,। जिसमें डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की संकल्प को याद किया गया, जिसमें एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो संविधान नहीं चलेगी, भारतीय जन संघ के संस्थापक और भारत की एकता व अखंडता के प्रबल समर्थक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता के रुप मे सेवाराम कुर्रे, बलिदान दिवस कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष तुलेन्द्र कुर्रे, देवल कुर्रे, प्रदीप, रोशन, ग्रिजेश यादव, दिनेश, विवेक कुर्रे एवं ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# धनेली में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

भाजपा मण्डल कुण्डा के शक्ति केन्द्र कोलेगांव अंतर्गत ग्राम धनेली में कार्यक्रम के वक्ता पूर्व अध्यक्ष किसान मोर्चा परमेश्वर साहू के गरिमामय उपस्थिति में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया।



प्रदेश भाजपा संगठन के आह्वान पर एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी एवं मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के निदेशानुसार मण्डल प्रभारी रूपेश जैन कार्यक्रम के संयोजक जिला कार्यकारणी सदस्य संतोष चंद्रवंशी के कुशल मार्गदर्शन में मुख्य वक्ता पूर्व अध्यक्ष किसान मोर्चा परमेश्वर साहू के गरिमामय उपस्थिति में पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान वक्ता श्री साहू ने मुखर्जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा दिए गए नारे एक देश में दो विधान दो प्रधान दो संविधान नहीं चलेगा को सांझा किया एवं देश के प्रति दिए गए योगदान को याद किया। इस अवसर पर बुथ अध्यक्ष दिनेश साहू, संतराम साहू, चिंटू साहू, रामजी साहू, मंगलू साहू, दानीराम साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# गन्ना भुगतान, खाद संकट समेत तीन मांगों को लेकर 30 जून से चक्काजाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गन्ना किसानों के बकाया भुगतान, खाद की उपलब्धता और गन्ना फसल को कृषक कल्याण योजना में शामिल करने की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ एवं छत्तीसगढ़ समृद्ध किसान संघ ने 30 जून से पलानसरी मोड़ पर अनिश्चितकालीन चक्काजाम आंदोलन की घोषणा की है। यह निर्णय 23 जून को ग्राम रुसे में आयोजित भारतीय किसान संघ की बैठक में लिया गया। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए शासन-प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की गई।

बैठक में प्रदेश मंत्री कुणाल सिंह ठाकुर, प्रांत मीडिया प्रभारी संजय साहू, जिला अध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी, जिला महामंत्री जीवन यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे। 23 करोड़ से अधिक भुगतान लंबित बैठक में किसानों ने आरोप लगाया कि सरदार वल्लभभाई पटेल शक्कर कारखाना द्वारा गन्ना किसानों का 23 करोड़ 74 लाख रुपए से अधिक का भुगतान लंबे समय से लंबित है। भुगतान नहीं मिलने से किसानों को खेती-किसानी के कार्यों में आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने बकाया राशि का तत्काल भुगतान कराने की मांग की। खाद की कमी और कालाबाजारी पर नाराजगी किसानों ने खरीफ सीजन के दौरान खाद की कमी और कालाबाजारी का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना है कि किसान खाद के लिए भटक रहे हैं, जबकि कुछ निजी विक्रेताओं द्वारा अधिक कीमत पर खाद बेची जा रही है। किसानों ने दोषी विक्रेताओं पर कार्रवाई तथा सहकारी समितियों में पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने की मांग की।




#### कृषक कल्याण योजना में शामिल करने की मांग

किसान संगठनों ने गन्ना फसल को राज्य सरकार की कृषक कल्याण योजना में शामिल करने की मांग करते हुए कहा कि इससे गन्ना उत्पादक किसानों को प्रति एकड़ 15 हजार रुपए तक की सहायता मिल सकेगी और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि 30 जून तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो पलानसरी मोड़ पर अनिश्चितकालीन चक्काजाम शुरू किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### घटिया निर्माण का आरोप, खेती किसानी प्रभावित

# बारिश में गिर रहे बिजली खंभे, बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर ग्राम जेवड़न खुर्द से बांझीमौहा मार्ग पर स्थापित 11 केवी विद्युत लाइन किसानों और ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। बारिश और तेज आंधी के दौरान बिजली के खंभे और तार बार-बार टूटकर गिर रहे हैं, जिससे हादसे की आशंका बढ़ गई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली लाइन निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। कई खंभों की नींव मजबूत बनाने के बजाय केवल मिट्टी डालकर खड़ा कर दिया गया, जिसके कारण तेज हवा और बारिश में वे उखड़कर खेतों में गिर रहे हैं। कई स्थानों पर बिजली के तार भी जमीन पर पड़े हुए हैं, जिससे जान-माल का खतरा बना हुआ है।

ग्राम जेवड़न खुर्द के किसान झामन गेन्ड्रे ने बताया कि उनके खेत में दो बार बिजली के खंभे और तार गिर चुके हैं। इससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। खरीफ सीजन में बुवाई का कार्य चल रहा है, लेकिन खेत में गिरे खंभों के कारण खेती करना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर पहले भी कई बार खंभे और तार क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, लेकिन विभाग द्वारा केवल अस्थायी मरम्मत कर दी जाती है। स्थायी समाधान की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।



#### डायल-112 को सूचना, फिर भी नहीं पहुंची मदद

घटना की जानकारी ग्रामीणों ने डायल-112 को भी दी, लेकिन मौके पर कोई सहायता नहीं पहुंची। इससे ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि समय रहते सुधार कार्य नहीं हुआ तो बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों और किसानों ने जिला प्रशासन एवं बिजली विभाग से मामले की जांच कराने, जिम्मेदार ठेकेदार पर कार्रवाई करने तथा सभी कमजोर खंभों को मजबूत नींव के साथ दोबारा स्थापित करने की मांग की है।



**निरीक्षण :** शहर के लालपुर रोड स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया

# होटल, रेस्टोरेंट व कैफे में कवर्धा पुलिस की सघन जांच, सीसीटीवी व पारदर्शिता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से कबीरधाम पुलिस द्वारा होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट एवं कैफे की लगातार जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह और अमित पटेल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के तहत कवर्धा शहर के लालपुर रोड स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया।

एसडीओपी आशीष शुक्ला एवं कोतवाली थाना प्रभारी योगेश कश्यप के नेतृत्व में पुलिस टीम ने होटल, रेस्टोरेंट और कैफे की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता, उनकी गुणवत्ता और संचालन व्यवस्था की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान संचालकों को प्रतिष्ठानों में उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा उन्हें नियमित रूप से चालू रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही फुटेज को निर्धारित अवधि तक सुरक्षित रखने के लिए कहा गया, ताकि आवश्यकता पड़ने पर जांच में सहायता मिल सके। जांच के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों में पर्दों के माध्यम से अलग-अलग कक्ष जैसी व्यवस्था बनाई गई थी, जिससे पारदर्शिता प्रभावित होने की संभावना थी। पुलिस ने तत्काल ऐसे पर्दे हटवाते हुए संचालकों को भविष्य में इस प्रकार की व्यवस्था नहीं करने की सख्त हिदायत दी।

**होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट एवं कैफे की नियमित जांच की जा रही**



पुलिस ने होटल, रेस्टोरेंट एवं कैफे संचालकों को आगंतुकों, विशेषकर नाबालिगों के प्रति सतर्क रहने, किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के निर्देश भी दिए। एसडीओपी आशीष शुक्ला ने बताया कि जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अपराधों की रोकथाम के लिए होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट एवं कैफे की नियमित जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी संचालकों को निर्धारित नियमों का पालन करना अनिवार्य है। नियमों के उल्लंघन अथवा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**कानून व्यवस्था बनाए रखने अभियान जारी**

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कैफे और अन्य प्रतिष्ठानों में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं होनी चाहिए, जिससे संदिग्ध गतिविधियों को बढ़ावा मिले। वहीं कबीरधाम पुलिस ने नागरिकों से भी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की है। पुलिस का यह अभियान जिले में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आगे भी जारी रहेगा।

# यशवंत साहू का खेलो इंडिया के लिए चयन

- सैकड़ों खिलाड़ियों के बीच पांचवां स्थान प्राप्त किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई



क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान जय भारत पब्लिक हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल पाण्डातराई के छात्र यशवंत साहू ने खेल जगत में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया है। खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ काउंसिल, बिलासपुर में 17 एवं 18 मई को आयोजित ऑल इंडिया सिलेक्शन ट्रायल में उनका चयन हुआ है। 18 जून को जारी मेरिट सूची में यशवंत ने देशभर से आए 100 से अधिक खिलाड़ियों के बीच पांचवां स्थान प्राप्त किया।

जानकारी के अनुसार चयन ट्रायल में विभिन्न राज्यों से प्रतिभावान खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, कड़े मुकाबले के बीच यशवंत साहू ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, खेल कौशल और अनुशासन के बल पर शीर्ष पांच खिलाड़ियों में स्थान बनाकर यह उपलब्धि हासिल की। चयन के बाद यशवंत को खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, खेल उपकरण, आवास, पोषणयुक्त आहार, शिक्षा, चिकित्सा सुविधा तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। यशवंत की सफलता में उनके प्रशिक्षक गोविंद पटेल के मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। लंबे समय से उनके निर्देशन में निरंतर अभ्यास और मेहनत का परिणाम इस चयन के रूप में सामने आया है। प्रशिक्षक ने खिलाड़ी की तकनीकी दक्षता के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक तैयारी पर विशेष ध्यान दिया।

इस उपलब्धि पर जय भारत पब्लिक स्कूल के प्रबंधन, प्राचार्य एवं शिक्षकों ने यशवंत साहू और प्रशिक्षक गोविंद पटेल को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं क्षेत्र के खेल प्रेमियों और ग्रामीणों में भी हर्ष का माहौल है। ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर राष्ट्रीय स्तर की इस उपलब्धि ने जिले के अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा प्रदान की है।

## खबर संक्षेप

### दो परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत दो विपत्ति ग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत ग्राम खैलटुकरी निवासी महावीर साहू की सर्प के काटने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनके पत्नी खुरेखा को, ग्राम मोहगांव निवासी दुर्गा बाई की सर्प के काटने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनके पति गुलाब दास मिरे को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई।

### रोजगार मेला के लिए मांगपत्र आमंत्रित

**कवर्धा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 22 जुलाई को जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। कबीरधाम जिले के ऐसे निजी प्रतिष्ठान, संस्थाओं स्कूल, हॉस्पिटल, कम्प्यूटर, बीमा, माईक्रो फायनेंस, सेल्स, फेब्रिकेशन, सिक्योरिटी आदि क्षेत्र जो अपनी संस्था में रिक्त तकनीकी, नॉन तकनीकी पदों पर भर्ती करना चाहते है, उनसे मांगपत्र, रिक्तियां आमंत्रित की गई है। मांगपत्र, रिक्तियों इस विभाग की वेबपोर्टल https://erojgar.cg.gov.in से या कार्यालय में संस्था का नाम, पूर्ण पता, मोबाईल नंबर, संस्था का पंजीयन क्रमांक, जी.एस.टी. नंबर, पेन कार्ड नंबर, ईमेल आईडी, संपर्क किए जाने वाले व्यक्ति का नाम, पदनाम, मोबाईल नंबर, पद संख्या, आयुसीमा, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, वेतन एवं भत्ता, कार्यक्षेत्र (अन्य जानकारी जो आवश्यक हो) की पूर्ण जानकारी के साथ 10 जुलाई 2026 तक प्रेषित कर सकते है। ताकि रोजगार मेला का आयोजन करते हुए, कार्यालय में पंजीकृत अभ्यर्थियों को सूचित कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जा सके।

### भोरमदेव-महराजपुर में कक्षा 11वीं की रिक्त सीटों के लिए आवेदन

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव, महराजपुर, जिला कबीरधाम में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग की छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 11 वीं में अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग हेतु 06 तथा अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग हेतु 02 सीटें रिक्त हैं। इच्छुक एवं पात्र छात्राएं निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन पत्र दिनांक 07 जुलाई 2026 तक शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव, महराजपुर में जमा कर सकती हैं। प्रवेश के लिए वही छात्राएं पात्र होंगी जिन्होंने सत्र 2026 में आयोजित कक्षा 10वीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की हो।

# बढ़ते अपराधों के विरोध में निकाली जन आक्रोश रैली, थाना घेराव कर सौंपा ज्ञापन

- नागरिकों ने भाग लेकर प्रशासन के समक्ष अपनी मांगे रखी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया




क्षेत्र में बढ़ते अपराध, कानून-व्यवस्था की स्थिति एवं विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर गत दिनों रविवार को जन-आक्रोश रैली एवं थाना घेराव का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में नागरिकों ने इसमें भाग लेकर प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें रखीं।

धरना-प्रदर्शन के बाद निकाली गई रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पंडरिया थाना पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लापता व्यक्तियों के मामलों की निष्पक्ष जांच, बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण, अवैध शराब, सट्टा-जुआ और नशे के कारोबार पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा आम नागरिकों के प्रति पुलिस के संवेदनशील व्यवहार पर भी जोर दिया। साथ ही थाना प्रभारी को हटाने की मांग भी रखी गई। आंदोलनकारियों ने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो आगे और बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक तथा क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

# अशोका स्कूल में हिन्दी निबंध स्पर्धा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा















शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है,बल्कि वह जीवन मूल्यों, संवेदनाओं और सामाजिक उत्तरदायित्वों को भी विकसित करती है। इसी उद्देश्य को साकार करते हुए अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा में हिन्दी विभाग के तत्वाधान में वृक्ष एवं वृक्षारोपण विषय पर एक प्रभावशाली एवं प्रेरणादायी हिन्दी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने ब्लू, ग्रीन, रेड एवं येल्लो हाउस के माध्यम से उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रकृति के अमूल्य उपहार पेड़ों के प्रति अपने विचार, संवेदनाएं और जागरूकता लेखनी के माध्यम से प्रस्तुत कीं। किसी विद्यार्थी ने वृक्षों को पृथ्वी का आभूषण बताया, तो किसी ने उन्हें मानव जीवन का मौन संरक्षक कहा। कई विद्यार्थियों ने अपने लेखों में यह उल्लेख किया कि यदि वृक्ष नहीं होंगे तो जीवन की कल्पना भी संभव नहीं होगी।

विद्यालय में अपनाई गई अंक प्रणाली के अंतर्गत प्रत्येक प्रतिभागी को सहभागिता अंक प्रदान किए गए, जबकि उत्कृष्ट प्रदर्शन, रचनात्मकता, अनुशासन एवं प्रस्तुतीकरण के आधार पर बोनस अंक भी दिए गए। विद्यार्थियों की प्रतिभा, भाषा शैली, विषय की समझ, प्रस्तुतीकरण और मौलिकता के आधार पर श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों कक्षा 12वीं से प्रथम स्थान प्रियंका देवांगन, द्वितीय स्थान निधि चंद्रवंशी, तृतीय स्थान मनीष चंद्रवंशी व कक्षा 10वीं से प्रथम स्थान प्राची चंद्रवंशी, द्वितीय स्थान आयुषी सिंह ठाकुर, तृतीय स्थान आयुष तुरकर तथा कक्षा 9वीं से प्रथम स्थान यूशी जांगड़े, द्वितीय स्थान मिली चंद्रवंशी तथा तृतीय स्थान केनित देवांगन कक्षा 6वीं के विद्यार्थियों ने भी वृक्ष का महत्व विषय पर विशेष उत्साह के साथ सहभागिता की। इस प्रतियोगिता की विशेष बात यह रही कि सभी विद्यार्थियों ने अपने निबंध अंग्रेजी भाषा में लिखकर अपनी भाषा दक्षता एवं रचनात्मक सोच का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

उत्कृष्ट लेखन एवं प्रस्तुतीकरण के आधार पर घोषित परिणामों में प्रथम स्थान हरसहज कौर, द्वितीय स्थान काव्य सारस्वत तथा तृतीय स्थान लिजा बर्मन ने प्राप्त किया।

**शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं रचनात्मक प्रयोग**

विद्यालय के संचालक पवन देवांगन एवं संचालिका श्रीमती सारिका देवांगन ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि विद्यालय निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं रचनात्मक प्रयोग कर रहा है, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि विद्यालय खुलने के प्रथम दिवस 16 जून से ही अध्ययन के साथ-साथ विद्यार्थियों के विभिन्न कौशलों को विकसित करने के उद्देश्य से विविध प्रतियोगिताएं एवं गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिनमें बच्चे उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि यह विशेष कार्यक्रम श्रृंखला आगामी 27 जून को भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न होगी।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव




शिक्षा सत्र 2026-27 में शाला प्रवेश उत्सव विकासखंड पंडरिया के प्राथमिक शाला रुसे में मनाया गया, जिसमे दिलीप चंद्रवंशी सरपंच रुसे, उप सरपंच विश्वनाथ पटेल, प्रेमचंद चंद्रवंशी, जगकुमार साहू, विकास खंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर द्वारा नव-प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, पुस्तक वितरण किया गया। साथ मे अश्वनी चंद्राकर, खेल अधिकारी पंडरिया शत्रुहन प्रसाद डड़सेना, साक्षरता प्रभारी पंडरिया नंदू निर्मलकर, संकुल प्रभारी कमल सोनी, संकुल समन्यवक धरमराज साहू, प्रधान पाठक शीतल सिंह ध्रुव, सावित्री वर्मा, मूर्ति महोबिया सहित जनप्रतिनिधि पालक गण उपस्थित थें।

### सड़क पर फैली नाली निर्माण सामग्री, बढ़ी परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

समनापुर मार्ग पर इन दिनों नाली निर्माण कार्य जारी है, लेकिन निर्माण कार्य के दौरान सड़क किनारे रखी जा रही निर्माण सामग्री लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। नाली निर्माण में उपयोग होने वाले सामग्री सड़क के किनारे जमा होने से राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कार्य आवश्यक है, लेकिन सामग्री को व्यवस्थित तरीके से नहीं रखने के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है।

# पीएम आवा, जी-राम-जी योजना की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के सभी 471 ग्राम पंचायतों और उनके आश्रित ग्रामो में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में प्रधानमंत्री आवास प्लस 2.0 के स्थाई सूची का वाचन किया गया। सूची में दर्ज ग्रामीणों का सम्पूर्ण विवरण ग्राम सभा में वाचन करते हुए नाम, आयु, लिंग जैसी जानकारी का सत्यापन कर आवश्यकता अनुसार त्रुटि सुधार किया गया। ग्राम सभा के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने सम्पूर्ण प्रक्रिया को देखते हुए योजना अंतर्गत स्थाई सूची की पूरी जानकारी ली।

साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के स्थान पर 1 जुलाई 2026 से लागू होने वाले विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका ग्रामीण के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार आज विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। ग्राम सभा मे विकसित भारत जी राम जी योजना से ग्रामीणों को मिलने वाले 125 दिनों के रोजगार, सात दिवस में मजदूरी भुगतान, काम की मांग पर रोजगार, ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास, आजीविका, जल संरक्षण के साथ महिलाएं एवं युवाओं को मिलने वाले फायदे के बारे में बताया गया। साथ ही वर्तमान मजदूरी दर बेरोजगारी भत्ता पारदर्शिता एवं जवाबदेही जैसे प्रमुख बदलाव के बारे में लोगों तक जानकारी पहुंचाई गई।

**विशेष ग्राम सभा में पूरी सूची का वाचन**

प्रधानमंत्री अवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 की स्थायी प्रतीक्षा सूची में शामिल हितग्राहियों के नाम का वाचन ग्राम सभा मे किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले में सर्वेक्षित हितग्राहियों का नाम सूची में दर्ज है। जिसमें जनपद पंचायत बोड़ला, कवर्धा, पंडरिया एवं स.लोहारा के हजारो ग्रामीण हितग्राही परिवार शामिल है। विशेष ग्राम सभा में पूरी सूची का वाचन और पात्रता का परीक्षण किया गया।

**नए शैक्षणिक सत्र के लिए आयुष चिकित्सालय भवन में विकसित की गई सुविधाएं**

# कलेक्टर ने किया मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में मेडिकल कॉलेज के नए शैक्षणिक सत्र के संचालन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। मेडिकल कॉलेज को संचालित करने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मेडिकल कॉलेज परिषर पहुंचकर तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया।

उन्होंने भवन में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने तथा उन्हें उच्च गुणवत्ता के अनुरूप तैयार रखने के निर्देश दिए। मेडिकल कॉलेज का संचालन प्रारंभिक चरण में पूर्व से संचालित आयुष चिकित्सालय भवन में किया जाएगा, जहां विद्यार्थियों के अध्ययन, प्रशिक्षण और प्रशासनिक कार्यों के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाएं विकसित कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने लेक्चर हॉल, विभागाध्यक्ष कक्ष, फैकल्टी रूम, डेमोंस्ट्रेशन रूम, प्रयोगशाला कक्ष, पुस्तकालय, प्रशासनिक कक्ष एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए आवश्यक फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही परिसर की नियमित साफ-सफाई एवं रखरखाव एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को समय पर पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। इसके पहले उन्होंने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर मेडिकल कॉलेज के संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने अस्पताल में आईसीयू, विभिन्न वार्डों, चिकित्सकीय उपकरणों, मरीजों के उपचार संबंधी सुविधाओं तथा मेडिकल शिक्षा के लिए आवश्यक अन्य अधोसंरचनात्मक व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध शिक्षण अस्पताल के लिए निर्धारित सभी मानकों के अनुरूप आवश्यक सुविधाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण रखें। इस दौरान सीएमएचओ डॉ डीके तुरे, डीन डॉ अजय पुसाम, अधीक्षक डॉ एसएस ठाकुर, सिविल सर्जन, डॉ केशव ध्रुव, डॉ हर्षित टुवानी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**हॉस्टल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली**

कलेक्टर श्री वर्मा ने मेडिकल कॉलेज से संबद्ध डॉक्टर रेजिडेंस हॉस्टल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिकित्सकों एवं मेडिकल स्टाफ के लिए आवासीय परिसर में सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही मेडिकल कॉलेज से संबद्ध 220 बिस्तरीय अस्पताल की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।